दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 321 | जयपुर, सोमवार, 30 अक्टूबर, 2023 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष- द्वितीया, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



फोटो: पंकज शर्मा

## बुलंदियां छूने का आशीर्वाद

*जयपुर। सद्गुरु रितेश्वर महाराज ने रविवार को 'सच बेधड़क' कार्यालय का अवलोकन कर समूह को बुलंदियां छूने का आशीर्वाद दिया।*

*'विजन विद विनायक' @ पेज 9*

**मंथन जारी:** कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की दिल्ली में हुई बैठक

# आज सीईसी की बैठक के बाद आएगी चौथी सूची

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर दोनों प्रमुख पार्टियों में जिताऊ प्रत्याशियों के नामों पर मंथन जारी है।

रविवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक देर रात तक चली। इस बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगई के अलावा अन्य वरिष्ठ नेता शामिल रहे। इस बैठक में कांग्रेस की शेष रहे 105 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों पर मंथन हुआ। इस बैठक से पहले शनिवार रात को गोगोई ने जोधपुर हाउस में करीब 4 घंटे सीएम गहलोत से लंबी मंत्रणा की थी।

वहीं, रविवार को बैठक से पहले दो घंटे वॉर रूम में गोगोई, नरेश अरोड़ा और रंधावा ने चर्चा की। जिसके बाद शाम 5 बजे से स्क्रीनिंग कमेटी बैठक हुई।

## ■ भाजपा के शेष बचे 76 नामों पर 1 नवंबर को लगेगी मुहर

### कांग्रेस: आज 105 प्रत्याशियों पर फैसला संभव

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक अब सोमवार शाम को होगी। इस बैठक में सिंगल नाम तय होने के बाद ही बकाया सीटों पर 105 सीटों पर प्रत्याशियों की सूची जारी होगी। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में कांग्रेस नेताओं ने विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के गठबंधन और बागी नेताओं के टिकट को लेकर भी चर्चा की। वहीं, अब तक की तीन सूचियों में शामिल नहीं हुए मंत्री डॉ. महेश जोशी, धर्मेंद्र राठौड़ और शांति धारीवाल की विधानसभा सीटों को लेकर भी फैसला होगा।

### भाजपा: कल से फिर शुरू हो जाएगा सूची पर मंथन

सूत्रों की मानें तो भाजपा बाकी प्रत्याशियों की सूची को लेकर मंगलवार से दिल्ली में मंथन शुरू करेगी। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पर केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ राजस्थान भाजपा कोर कमेटी की बैठक होगी। इसमें बकाया 76 विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशियों के पर नामों पर मंथन होगा। हालांकि जयपुर में राजस्थान कोर कमेटी की बैठक हो चुकी है। एक नवंबर को होने वाली सीईसी की बैठक में नामों पर अंतिम मोहर लगा दी जाएगी।

## जरूरी खबर

### श्रीनगर: क्रिकेट खेलते PI को आतंकी ने मारी गोली



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक अधिकारी को रविवार को श्रीनगर में एक आतंकी ने गोली मार दी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस निरीक्षक मसरूर अहमद वानी (35) ईदगाह मैदान में स्थानीय बच्चों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे, तभी आतंकी ने उन्हें नजदीक से तीन गोलियां मारीं, जो उनकी आंख, पेट और हाथ में लगीं। रविवार को आमतौर पर ईदगाह मैदान में भारी संख्या में युवा खेलने जुटते हैं। वानी के साथी आतंकी के पीछे भागे, लेकिन वह हवा में गोलीबारी करता हुआ आसपास की गलियों से फरार हो गया।

### किरोड़ी लाल मीणा को मिली Y प्लस सुरक्षा

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद और सवाईमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी किरोड़ी लाल मीणा को केंद्र सरकार ने रविवार को वाई प्लस सिक्योरिटी दी गई है। अब मीणा के साथ 1 या 2 कमांडो और पुलिसकर्मियों सहित 8 जवानों का सुरक्षा घेरा बना रहेगा। इसके साथ ही सुरक्षा के लिए में दो पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर पीएसओ भी रहेंगे। गौरतलब है कि मीणा की सुरक्षा बढ़ाने को लेकर उनके समर्थको द्वारा काफी समय से मांग की जा रही थी।

## ये भी देखें...

*पेज-2: प्रमुख दलों में सियासी वॉर*
*पेज-3: आज से भरे जाएंगे नामांकन*
*पेज-4: हादसे में 7 लोगों की मौत*
*पेज-10: कनाडा पर नरम नहीं भारत*

**केरल में भीषण ब्लास्ट:** ईसाई समुदाय के सम्मेलन केंद्र में धमाके

# दो की मौत, 52 लोग घायल... 6 गंभीर

एजेंसी | कोच्चि

केरल के कलमश्शेरि में ईसाई समुदाय के एक सम्मेलन केंद्र में रविवार सुबह हुए एक के बाद एक तीन धमाकों में खबर लिखे जाने तक दो महिलाओं की मौत हो गई और 52 लोग घायल हुए हैं। छह घायलों की हालत गंभीर है।

केरल के डीजीपी शेख दरवेश ने तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से कहा कि विस्फोट आईईडी के कारण हुआ। कलमश्शेरि में ईसाई समुदाय के एक सम्मेलन केंद्र में उस वक्त धमाके हुए, जब सैकड़ों लोग तीन दिवसीय प्रार्थना सभा के समापन अवसर पर एकत्र हुए थे।

डीजीपी ने कहा, 'सुबह करीब 9 बजकर 40 मिनट पर कलमश्शेरि में जमराह इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में धमाका हुआ, जिसमें हमारी सूचना के अनुसार एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा करीब घायलों का उपचार किया जा रहा है।' उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। अधिकारी ने यह भी कहा कि विस्फोट स्थल का दौरा करने के बाद एसआईटी गठित किया जाएगा। डीजीपी ने कहा, हम यह पता लगाएंगे कि इसके पीछे कौन हैं और कड़ी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने का अनुरोध किया और उनसे सोशल मीडिया पर उकसावे या घृणा वाले संदेश न फैलाने को कहा।



### तीन धमाके... दो भीषण

एक पुलिस सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि तीन धमाके हुए, जिनमें से दो जोरदार और तीसरा कम तीव्रता का था। यह पूछे जाने पर कि क्या विस्फोटक को रखने के लिए 'टिफिन बॉक्स' का इस्तेमाल किया गया था, जैसा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है, सूत्र ने कहा कि इस स्तर पर इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती, क्योंकि घटनास्थल की जांच राज्य आतंकवाद-रोधी दस्ते और एनआईए समेत कई एजेंसियों द्वारा की जा रही है।

### 2,000 श्रद्धालु थे घटना के वक्त

विस्फोट सामरा इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में हुआ जहां यहोवा के साक्षियों (ईसाई धर्म का एक संप्रदाय) का सम्मेलन आयोजित किया गया था। विस्फोट के समय हॉल में 2,000 से अधिक लोग मौजूद थे। घायलों को कलामसेरी मेडिकल कॉलेज, एस्टर मेडिसी, सनराइज और राजगिरी अस्पतालों में भर्ती किया गया है।

### प्रार्थना शुरू होते ही धमाका

हॉल में प्रार्थना शुरू होने के पांच मिनट के अंदर ही धमाका हो गया। पहले एक विस्फोट हुआ उसके बाद और भी विस्फोट हुए। मंत्री ने साफ किया कि डॉक्टरों ने कहा कि मामूली रूप से जले लोगों को प्रारंभिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री वीना जार्ज ने आश्वासन दिया कि सभी लोगों को आधुनिक इलाज मुहैया कराया जाएगा।

### बेहद दुर्भाग्यपूर्ण: राज्यपाल खान

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने इस घटना को 'चौंकाने वाला' बताया, तो मुख्यमंत्री विजयन ने इसे 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' करार दिया। दिल्ली में सीएम ने मीडिया से कहा, 'यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य की हालत गंभीर है। जांच शुरू कर दी गई है। घटना को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है।'

### एक ने ली जिम्मेदारी... किया सरेंडर

खुद को ईसाइयों के 'यहोवा के साक्षी' समूह का सदस्य बताने वाले एक व्यक्ति ने केरल के त्रिशूर जिले में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और रविवार सुबह यहां कलामासेरी में ईसाई धार्मिक सभा में हुए कई विस्फोटों की जिम्मेदारी ली। एडीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) एम आर अजित कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि उस व्यक्ति ने कोडकारा थाने में सुबह में आत्मसमर्पण किया और दावा किया कि उसने ही विस्फोट को अंजाम दिया। एडीजीपी ने कहा, उस व्यक्ति का नाम डोमिनिक मार्टिन है। उसने अपने दावे के समर्थन में सबूत भी दिए। हम फिलहाल इसकी जांच कर रहे हैं। हम उसके दावों और कृत्य को अंजाम देने के लिए बताए गए कारणों की भी जांच कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस व्यक्ति ने खुद के 'यहोवा के साक्षी' ईसाई धार्मिक समूह का अनुयायी होने का भी दावा किया है।

**आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में बड़ा रेल हादसा**

# 2 पैसेंजर ट्रेनें भिड़ी... 8 लोगों की मौत, 25 लोग जखमी

एजेंसी | अमरावती

आंध्रप्रदेश के विजयनगरम जिले के कोठावलासा मंडल के अलमांडा-कंथकपल्ली में रविवार को एक बड़ा ट्रेन हादसा हो गया। विशाखापत्तनम-रायगढ़ पैसेंजर ट्रेन ओवरहेड केबल कट जाने से रायगढ़ पैसेंजर ट्रेन ट्रैक पर खड़ी हो गई। उसी समय आई पलासा एक्सप्रेस ने रायगढ़ पैसेंजर को पीछे से टक्कर मार दी। इससे रायगढ़ पैसेंजर ट्रेन की तीन बोगियां पटरी से उतर गईं। इस हादसे में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य घायल हो गए।

सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव शुरू किए। इस दौरान घटना स्थल पर बिजली की कमी के कारण बचाव कार्य में भारी दिक्कत आ रही है। वहीं, चूंकि बोगियों में यात्रियों की संख्या अधिक है। माना जा रहा है कि उनमें से कई गंभीर रूप से घायल हैं।

पूर्वी तटीय रेलवे क्षेत्र के एक अधिकारी ने कहा कि विशाखापत्तनम-पलासा पैसेंजर (ट्रेन संख्या 08532), विशाखापत्तनम-रायगढ़ा पैसेंजर (ट्रेन संख्या 08504) से टकरा गई।



### कितने कोच पटरी से उतरे, पता नहीं

घायलों को विजयनगरम सरकारी अस्पताल और विशाखापत्तनम केजीएच में भेजा रहा है। मंडल रेलवे प्रबंधन ने बताया कि बचाव अभियान और रेलवे अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का आकलन किया। अधिकारियों के अनुसार, अभी तक पटरी से उतरे डिब्बों की संख्या का पता नहीं चल पाया है।

**भारत ने लगाया जीत का छक्का**

# डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को 100 रनों से किया पराजित

एजेंसी | लखनऊ

भारतीय टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को वर्ल्ड कप 2023 के 29वें मैच में करारी शिकस्त दी है। भारतीय टीम की विश्व कप 2023 में ये लगातार छठी जीत है, जबकि गत चैंपियन इंग्लैंड की ये पांचवीं हार है। भारत ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 229 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 34.5 ओवर में 129 रन पर ही ढेर हो गई। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने 4, बुमराह ने 3 और कुलदीप यादव ने दो विकेट लिए।




### रोहित के 18,000 रन

कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी 87 रन की पारी की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18000 रनों का आंकड़ा पूरा कर लिया। रोहित से पहले भारत की ओर से सचिन तेंदुलकर, दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली, पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ही ऐसा कारनामा कर चुके हैं। इसके अलावा, रोहित शर्मा विश्व कप 2023 में भारत की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने।

**सिक्सर किंग बन गए रो-हिट:** रोहित इस विश्व कप में सबसे अधिक छक्के चुके हैं। इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने तीन छक्के लगा। वह इस वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 20 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। वॉर्नर 19 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

**यूएन की इंटरकनेक्टेड डिजास्टर रिस्क रिपोर्ट**

# 2025 में भारत में गहरा सकता है जल संकट, कई राज्यों में होगा बुरा हाल

- रिपोर्ट में किया गया है यह डरा देने वाला खुलासा
- शहरीकरण और ग्लेशियर पिघलने से देश की बड़ी नदियों का प्रवाह होगा कम
- जलवायु परिवर्तन के कारण यह चुनौती और भी बदतर होने की आशंका

एजेंसी | नई दिल्ली

गंगा, जमुना और ब्रह्मपुत्र जैसी पवित्र नदियों वाले हमारे देश भारत में पानी की बर्बादी के चलते जल संकट गहराने के हालात पैदा हो गए हैं।

संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को की एक रिपोर्ट की मानें तो साल 2025 तक देश में पानी की समस्या बहुत ज्यादा बढ़ सकती है। ऐसे में इस बढ़ती समस्या को लेकर आशंका जताई गई है कि जल संरक्षण की कमी, प्रदूषण, अतिक्रमण, शहरीकरण और ग्लेशियर पिघलने के कारण आने वाले समय में गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी हिमालयी नदियों का प्रवाह तक कम हो जाएगा। रिपोर्ट में ये भी दावा है कि एशिया का 80 प्रतिशत क्षेत्र पानी की कमी से जूझ रहा है। जिसमें पूर्वोत्तर चीन, भारत और पाकिस्तान पर ये संकट काफी ज्यादा है।



### महत्वपूर्ण बिंदुओं के करीब पहुंची दुनिया

इस रिपोर्ट को "इंटरकनेक्टेड डिजास्टर रिस्क रिपोर्ट 2023" शीर्षक के साथ संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय के पर्यावरण और मानव सुरक्षा संस्थान (यूएनयू-ईएचएस) द्वारा प्रकाशित किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया कई पर्यावरणीय महत्वपूर्ण बिंदुओं के करीब पहुंच रही है, जो तेजी से विलुप्त होने के कगार पर हैं- इसमें भूजल की कमी, पहाड़ी ग्लेशियर का पिघलना, अंतरिक्ष मलबा और असहनीय गर्मी शामिल है।

### 70 फीसदी कृषि भूजल पर निर्भर

लगभग 70 प्रतिशत भूजल निकासी का उपयोग कृषि के लिए किया जाता है। अक्सर जब भूमिगत जल स्रोत अपर्याप्त होते हैं तो सूखे के कारण कृषि पर गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण यह चुनौती और भी बदतर होने की आशंका है।

### देश में 10 करोड़ लोग जूझ रहे पेयजल समस्या से

समग्र जल प्रबंधन सूचकांक की रिपोर्ट के अनुसार इस समय देश के प्रमुख 21 शहरों में लगभग 10 करोड़ लोग पानी की भीषण पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। देश में साल 1994 में पानी की उपलब्धता प्रति व्यक्ति 6 हजार घन मीटर थी, जो साल 2025 तक घटकर 1600 घन मीटर रह जाने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा देश की बढ़ती आबादी भी जल संकट का एक बड़ा कारण माना जा रहा है।

### भारत सबसे बड़ा उपयोगकर्ता

रिपोर्ट के मुताबिक भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के संयुक्त उपयोग से कहीं अधिक है। भारत का उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र देश की 1.4 अरब आबादी के लिए गेहूं का विशाल भंडार तैयार करता है। इसमें अकेले पंजाब और हरियाणा राज्य का 50 प्रतिशत उत्पादन शामिल है। जाहिर है, समय रहते उचित कदम नहीं उठाए तो त्राहि-त्राहि मच सकती है।

## जरूरी खबर

### जजपा की चाबी से खुलेगा सत्ता का ताला: चौटाला



**जयपुर।** हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रविवार को कहा कि जननायक जनता पार्टी (जजपा) एक-दो दिन में राजस्थान चुनाव को लेकर अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी करेगी। चौटाला ने कहा हमारा लक्ष्य राजस्थान में 25-30 सीटों पर जीत दर्ज करना है। राजस्थान और हरियाणा में सत्ता का ताला जजपा की चाबी से खुलेगा। राजस्थान में ईडी के छापों पर चौटाला ने कहा कि राजस्थान में 13 महीनों में 19 पेपर लीक होना कोई छोटी बात नहीं। जो चोरी करेगा, उसकी चोरी पकड़ी जाएगी।

### आम आदमी पार्टी के 16 उम्मीदवारों की घोषणा

**जयपुर।** आम आदमी पार्टी ने रविवार रात 16 प्रत्याशियों की सूची जारी की। सूची में सादुलशहर से गुरविंदर कौर, करणपुर से प्रो. सुखविंदर सिंह, सूरतगढ़ से लीलाधर स्वामी, पीलीबंगा से वीरेंद्र मेघवाल, आदर्श नगर से उम्रदराज, अलवर ग्रामीण से महावीर प्रसाद राजोरिया, राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ से नंदलाल मीणा, कठुंबर से सुनील बैरवा, टोडाभीम से आसाराम मीणा, पुष्कर से अक्षयराज, डीडवाना से रामनिवास रायल, डेगाना से गणेश मीणा, नावा से गजेंद्र सिंह, आसींद से राणा खान, बूंदी से किशन लाल मीणा और अंता से ओम गोचर को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है।

### हुडला को चुनाव आयोग ने थमाया नोटिस



**जयपुर।** राजस्थान में चुनावी समर के बीच ईडी और आयकर विभाग की कार्रवाई के कारण चर्चा में रहे कांग्रेस नेता ओमप्रकाश हुडला अब नए विवाद में घिरते नजर आ रहे हैं। दौसा जिले की महवा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी हुड़ला के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें वह चुनाव प्रचार के बीच नोट बांटते दिख रहे हैं। यह मामला अब चुनाव आयोग तक पहुंच गया है। ऐसे में चुनाव आयोग ने ओमप्रकाश हुड़ला को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वहीं विडियो के सामने आने के बाद भाजपा नेता हमलावर हो गए है और कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

---

**राज्यपाल ने राजभवन में 'मेरी माटी, मेरा देश' राज्यस्तरीय समारोह को किया संबोधित**

# जिन्हें अपनी मिट्टी से प्यार है, वे जीते हैं सार्थक जीवन: मिश्र

**बेधड़क | जयपुर**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति है। उन्होंने कहा कि जिन्हें अपनी मिट्टी से प्यार होता है, वही सार्थक जीवन जीते हैं।

उन्होंने इस अभियान के अंतर्गत राजस्थान के प्रत्येक गांव से मिट्टी को कलश में एकत्रित कर राजधानी दिल्ली में बनाई जा रही अमृत वाटिका तक पहुंचाने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश की संस्कृति की सुगंध और यहां का गौरव राष्ट्र धरोहर में सदा समाया रहेगा। मिश्र रविवार को राजभवन में नेहरू युवा केन्द्र संगठन और भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित 'मेरी माटी, मेरा देश' राज्य स्तरीय समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अभियान के दूसरे चरण के तहत लगभग 45 हजार गांवों से होती हुई राजधानी जयपुर पहुंची अमृत कलश यात्रा का स्वागत किया।




इस दौरान उन्होंने यात्रा में शामिल लोगों को शुभकामनाएं भी दीं। गौरतलब है कि आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह को लेकर शुरू किए गए इस अभियान के तहत कर्तव्य पथ पर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को दर्शाते हुए देशभर से आई मिट्टी को विशाल अमृत कलश में रखा जाएगा। इस दौरान हर राज्य की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### 654 चयनित युवाओं ने लिया भाग

मुख्य सचिव उषा शर्मा ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के प्रथम चरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राजस्थान परिमंडल की मुख्य पोस्टमास्टर जनरल मंजू कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत राजस्थान के प्रत्येक गांव से मिट्टी को कलश में एकत्रित कर नई दिल्ली में बनाई जा रही अमृत वाटिका तक पहुंचाने का कार्य डाक विभाग एवं अन्य संस्थानों द्वारा किया जा रहा है। नेहरू युवा केन्द्र संगठन के निदेशक महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि 'मेरी माटी, मेरा देश' के दूसरे चरण के अंतर्गत ब्लॉक और गांव-गांव से एकत्रित की गई मिट्टी जयपुर से 352 अमृत कलश में नई दिल्ली के कर्तव्य पथ स्थित अमृत वाटिका के लिए भेजी जा रही है। इस कार्यक्रम में 353 ब्लॉक से नेहरू युवा केंद्र के 654 चयनित युवाओं ने भाग लिया। यह अमृत कलश यात्रा जयपुर से एक स्पेशल ट्रेन द्वारा दिल्ली जाएगी।

### अभियान से होगा पर्यावरण संरक्षण: राज्यपाल

राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजस्थान में स्थानीय प्रशासन, नेहरू युवा केन्द्र आदि संगठनों द्वारा लगभग सभी गावों में इसके तहत कार्यक्रम आयोजित कर वीरों के सम्मान में स्मारक स्वरूप 11 हजार 814 'शिलाफलकम' के निर्माण और वहां शहीदों के नाम अंकन कार्य को भी अभूतपूर्व बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान इसलिए भी बहुत सार्थक पहल है। इसके जरिए वसुधा वंदन के अंतर्गत राजस्थान में पौधरोपण की महती पहल हुई है। इससे आने वाले समय में यहां पर्यावरण संरक्षण में सार्थक बदलाव आएगा। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से राष्ट्र के प्रति प्रेम के साथ आम जन अपनी मिट्टी से सीधे तौर पर जुड़ता है।

---

**विधानसभा चुनाव: राजनीतिक दलों में सियासी वॉर**

# कांग्रेस ने केंद्र को, BJP ने गहलोत सरकार को घेरा

**प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को लेकर साध रहे निशाना**

*__बेधड़क । जयपुर__ राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। सत्ता रूढ़ पार्टी कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भाजपा एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। कांग्रेस प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को लेकर लगातार केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगा रही है तो वहीं भाजपा कांग्रेस सरकार की नीतियों की आलोचना करने में जुटी है। दोनों ही दल चुनाव में अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। रविवार को भी कांग्रेस और भाजपा नेताओं में सियासी वार जारी रहा।*

## चुनाव में केंद्र भी हो आयोग के अधीन: खाचरियावास

**भाजपा केवल इलेक्शन मैनेजमेंट से जीतना चाहती है चुनाव**



खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने रविवार को भाजपा को आड़े हाथों लिया। खाचरियावास ने कहा कि चुनावी साल में केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के नेताओं का प्रदेश दौरा लगातार जारी है, लेकिन अब तक भाजपा के किसी भी नेता ने यह साफ नहीं किया कि वह जनता को क्या देना चाहते हैं। भाजपा केवल इलेक्शन मैनेजमेंट से चुनाव जीतना चाहती है, लेकिन राजस्थान की जनता इनकी मंशा को भलीभांति समझ चुकी हैं। प्रदेश में ईडी और आयकर विभाग की एंट्री को लेकर खाचरियावास ने कहा कि चुनाव आयोग को अब यह तय करना चाहिए कि जहां चुनाव घोषित हो उस राज्य में जांच एजेंसी चाहे राज्य की हो या फिर केंद्र की, उनकी कार्रवाई पर रोक लगानी चाहिए। राज्य की एजेंसियों पर तो आचार संहिता का प्रभाव है, लेकिन केंद्रीय एजेंसियां भला इससे कैसे मुक्त हो सकती हैं। जब चुनाव में राज्य के अधिकार समाप्त हो जाते हैं तो फिर केंद्र की भी शक्तियों पर रोक लगनी चाहिए। केंद्र सरकार भी चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के अधीन होना चाहिए। जहां चुनाव तय हो वहां जांच एजेंसियां को चुनाव प्रभावित के लिए नहीं आना चाहिए।

## कांग्रेस ने तुष्टीकरण की पराकाष्ठा पार की: जोशी

**राजस्थान की मर्यादा को तार-तार करने की गांरटी दी**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने भी कांग्रेस पर जमकर जुबानी हमला बोला। जोशी ने कहा कि इस सरकार में तुष्टीकरण की पराकाष्ठा हो गई है। परकोटे के मंदिरों पर कब्जे हो गए और वहां मदरसे बनाए दिए गए। यही नहीं आज राजस्थान में कोई प्रभु राम के जयकारे लगा दे तो उस पर एफआईआर हो जाती है। इन्होंने तुष्टीकरण की पराकाष्ठा को पार करते हुए राजस्थान की मर्यादा को तार-तार करने की गांरटी दी है। कुछ क्षेत्रों में मोटरसाइकिल पर दो सवारियों पर भी चालान हो जाता है, वहीं कहीं-कहीं एक बाइक पर पांच- पांच लटकने पर भी कोई रोक- टोक नहीं है। जोशी ने कहा कि आचार संहिता की सबको पालन करनी चाहिए, लेकिन कांग्रेस के बड़े नेताओं ने खुले रूप से चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन किया। कांग्रेस नेता लवाजमे के साथ चल रहे हैं। हमारी लीगल सेल आचार संहिता का पालन करवाएगी। इन लोगों की सोच है की फूट डालो राजनीति करो और सत्ता पाओ।

### जनता अब झूठी गारंटियों के छलावे में नहीं आने वाली: शेखावत

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस सरकार द्वारा जनता को दी गई सात गारंटियों को लेकर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने पिछले साढ़े चार साल तक कोई काम नहीं किया और अंत के छह माह में जनता को गारंटियों के नाम पर छलावा दे रहे हैं। जनता अब इन गारंटियों की हकीकत जान चुकी है। अब वह इनके छलावे में नहीं आने वाली। कांग्रेस ने अब इसके नेता राहुल गांधी के माध्यम से अंग्रेजी शिक्षा की गारंटी देकर नया शिगूफा शुरू किया है। सरकार ने आनन-फानन में अंग्रेजी स्कूल तो शुरू कर दिए लेकिन इनमें 58 प्रतिशत पद आज भी रिक्त हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जातिगत जनगणना की मांग पर शेखावत ने कहा कि कांग्रेस जातिगत जनगणना के आधार पर देश को बांटने का काम कर रही है। कांग्रेस राजस्थान में ओपीएस मात्र चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है।

---

**इंटेलिजेंस टीम ने बीकानेर से पकड़ा जासूस**

# हनी ट्रैप का शिकार युवा पाक को भेजता था खुफिया सूचना

**सड़क, पुल, बीएसएफ पोस्ट, टावर आदि की जानकारी दी**

**बेधड़क | जयपुर**

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की महिला एजेंट के जाल में फंसकर खुफिया जानकारी भेजने वाले एक युवक को राजस्थान इंटेलिजेंस टीम ने बीकानेर के खाजूवाला से गिरफ्तार किया है। जानकारी में सामने आया है कि आरोपी सामरिक महत्व की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से इन युवतियों को साझा कर रहा था। इस मामले में राजस्थान इंटेलिजेंस टीम ने बीकानेर जिले के खाजूवाला थाना तहत बॉर्डर के गांव आनंदगढ़ के रहने वाले जासूस नरेंद्र कुमार (22) को पकड़ा है।





आरोपी महिला पाक एजेंट्स के संपर्क में था। एडीजी पुलिस इंटेलिजेंस एस सेंगाथिर ने बताया कि निगरानी के दौरान सामने आया कि आरोपी नरेंद्र कुमार सोशल मीडिया के माध्यम से इन महिला एजेंट के संपर्क में रहकर अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर क्षेत्र की सामरिक महत्व की सूचनाएं साझा कर रहा था। जिसे डिटेन कर जयपुर में विभिन्न एजेंसियों द्वारा पूछताछ की तो उसने बताया कि वह 2 साल से फेसबुक पर पूनम बाजवा के संपर्क में है।

पूनम ने खुद को भटिंडा निवासी बताते हुए बीएसएफ में डाटा एंट्री ऑपरेटर पद पर कार्य करना बताया था। वहीं पूनम ने नरेंद्र से दोस्ती कर शादी का प्रलोभन दिया और अपने व्हाट्सएप नंबर देकर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित संवेदनशील सूचनाएं जैसे सड़क, पुल, बीएसएफ पोस्ट, टावर, आर्मी की गाड़ियों की फोटोग्राफ, प्रतिबंधित स्थान के फोटोग्राफ और वीडियो प्राप्त करती रही।

### बॉर्डर पर रहने वाले लोगों को जोड़ा

आरोपी ने महिला पाक एजेंट के कहने पर व्हाट्सएप ग्रुप में बॉर्डर क्षेत्र के निवासी व्यक्तियों को ग्रुप का सदस्य बनाया। जासूस नरेंद्र पिछले कुछ समय से एक अन्य महिला पाक हैंडलर के संपर्क में भी था। महिला ने अपना नाम सुनीता व खुद को दैनिक भास्कर की स्थानीय पत्रकार बताते हुए नरेंद्र से बॉर्डर क्षेत्र की सामरिक जानकारी प्राप्त की। आरोपी के मोबाइल की जांच में तथ्यों की पुष्टि होने पर शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923 के तहत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

## मंत्री आंजना के ठिकानों पर IT की कार्रवाई जारी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान सरकार में सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के उदयपुर स्थित ठिकानों पर शनिवार से शुरू हुई आयकर विभाग की कार्रवाई दूसरे दिन रविवार को भी जारी रही। शहर के फतेहपुरा स्थित एक फर्म व अन्य ठिकानों पर ये कार्रवाई की जा रही।

आयकर विभाग के अधिकारियों ने कई दस्तावेजों की जांच की। अब तक की मिली जानकारी के अनुसार आंजना की यह फर्म सड़क निर्माण से जुड़ी हुई है। यह कंपनी नेशनल हाईवे से जुड़े कामकाज करती है। इनकम टैक्स मुंबई की टीम ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए फतेहपुर स्थित दफ्तर पर ये कार्रवाई की है। बता दें कि जिस कंपनी पर ये कार्रवाई हुई है वो 500 करोड़ से ज्यादा सालाना टर्न ओवर की कंपनी है। आयकर विभाग के अधिकारी आंजना की कंपनी से जुड़े कई कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। इसके पहले शनिवार को देर रात चली कार्रवाई के दौरान आईटी की टीम ने एक लैपटॉप सहित कई दस्तावेज जब्त किए थे। हालांकि, अभी तक कोई अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

चेतक इंफ्रास्ट्रक्चर के अलावा आंजना की कंपनी नासिक स्पिनर्स की भी जांच की जा रही है। दोनों कंपनियों के तार मुंबई की ईगल इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े बताए जाते हैं। मुंबई में उस कंपनी पर भी छापा मारा गया है।

## परिश्रम से ही मिलती है जीवन में व्यवहारिक सफलता: भैय्याजी

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश भैय्याजी जोशी ने कहा है कि जीवन में व्यावहारिक सफलता परिश्रम और अध्ययन से प्राप्त हो सकती है, लेकिन यश-अपयश का विचार किए बिना जीवन जीने वालों का ही जीवन सार्थक होता है। भैय्याजी जोशी रविवार को मालवीय नगर स्थित नारद सभागार में आयोजित प्रेरणा समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि माणकचन्द समर्पित वरिष्ठ प्रचारक हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर माणकचन्द का माला पहना कर, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया।

---

**सत्ता संकल्प रैली का समापन**

# RLP-आसपा गठबंधन से बनेगा भाजपा-कांग्रेस मुक्त राजस्थान: बेनीवाल

■ लाल डायरी में दोनों दल के नेताओं के नाम

**बेधड़क | जयपुर**

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक एवं सांसद हनुमान बेनीवाल ने रविवार को कहा कि आरएलपी-आजाद समाज पार्टी गठबंधन राजस्थान को भाजपा और कांग्रेस से मुक्त करेगा।

बेनीवाल ने कहा कि यह गठबंधन आने वाले दिनों में देश की सत्ता के शिखर पर पहुंचेगा। बेनीवाल ने यह बात रविवार को विद्याधर नगर स्टेडियम में सत्ता संकल्प महारैली के समापन समारोह में कही। बेनीवाल ने कहा कि प्रदेश का दलित, जवान, किसान, अल्पसंख्यक व सर्वसमाज के लोग राजस्थान को कांग्रेस एवं भाजपा से मुक्त करने के लिए इस रैली में आए हैं। उन्होंने कहा कि इस महारैली से आरएलपी और आजाद समाज पार्टी गठबंधन का एक-एक कार्यकर्ता राजस्थान के अंदर गांव-गांव में बदलाव करने का संदेश लेकर जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे गठबंधन से बीजेपी-कांग्रेस के नेताओं की तबीयत बिगड़ गई है। कुछ लोग अपनी सीट बदलना चाहते हैं। कुछ लोग पंडित से पूछकर नॉमिनेशन का मुहूर्त निकलवा रहे हैं।




बेनीवाल ने कहा कि वसुंधरा राजे और बीजेपी नेताओं ने उस समय सीएम अशोक गहलोत की मदद की। जब उनकी सरकार गिर रही थी। उन्होंने कहा कि लाल डायरी में पहले पन्ने पर कांग्रेस के नेताओं का लेखा जोखा था। वहीं अगले पन्नों पर बीजेपी के उन नेताओं के नाम थे, जो सीएम के टच में थे। प्रदेश में यह मिलाजुली का खेल लंबे समय से चल रहा है।

### तीसरा मोर्चा बिगाड़ेगा पार्टियों की गणित

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा ने दो और कांग्रेस ने 3 सूचियां जारी कर दी हैं। ऐसे में प्रदेश के करीब 52 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा और कांग्रेस की चुनावी टक्कर साफ हो चुकी है। वहीं इस चुनाव में थर्ड फ्रंट पार्टियां भी अपने पैर मजबूत करने में जुटी हैं। इस विधनसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोकतान्त्रिक पार्टी, आजाद समाज पार्टी, बहुजन समाज पार्टी सहित कई पार्टियों ने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। प्रदेश की कई सीटों पर चारो पार्टियों की तस्वीर साफ हो चुकी है। तीसरे मोर्चे की पार्टियों ने भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के समीकरण को बिगड़ दिया है। इस बार कई सीटों पर त्रिकोणीय तो कहीं पर चतुषकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा।

**यहां पर हैं त्रिकोणीय मुकाबला**

| विधानसभा | भाजपा | कांग्रेस | आरएलपी |
|---|---|---|---|
| सांगानेर | भजनलाल शर्मा | पुष्पेन्द्र भारद्वाज | महेश सैनी |
| बायतू | बालाराम मूढ | हरीश चौधरी | उम्मेदाराम बेनिवाल |
| परबतसर | मानसिंह किनसरिया | रामनिवास गावड़िया | लच्छाराम बडारड़ा |

### बसपा ने जारी की 5 प्रत्याशियों की सूची

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों में बहुजन समाज पार्टी ने रविवार को 5 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा हैं। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने बताया कि सूरतगढ़ से महेंद्र भादू, रायसिंह नगर से जसप्रीत कौर, हवामहल से तरुषा पाराशर, लालसोट द्वारिका प्रसाद, सवाईमाधोपुर से ब्रह्मसिंह को टिकट दिया गया है। प्रदेश में बसपा ने अभी तक कुल 47 प्रत्याशियों को चुनावी रण में उतार दिया है। पहले पार्टी 22 और 20 उम्मीदवारों को टिकट दे चुकी है।

## जरूरी खबर

### शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, 5 बाइक बरामद



**बेधड़क, जयपुर।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने रविवार को एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से पांच बाइक भी बरामद की है। इस संबंध में थानाधिकारी मदन लाल कड़वासरा ने बताया कि आरोपी हैदर अली सांगानेर पुलिया के नीचे रहता है। वह सुनसान इलाको से वाहन चोरी करता था। क्षेत्र में लगातार वाहन चोरी की शिकायतों पर पुलिस ने इलाके में नजर रखना शुरू कर दी। इस पर सीसीटीवी में एक संदिग्ध युवक नजर आया। हुलिए के आधार पर उसकी पहचान कर पूछताछ की तो उसने वाहनों की चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातो के बारे में पता लगा रही है। आरोपी के खिलाफ कई थानों में चोरी के एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

### शिव मंदिर का दानपात्र खुला नहीं तो उठा ले गए चोर

**जयपुर।** राजधानी के जैन विहार भांकरोटा इलाके में चोरों ने शिव मंदिर से 40 किलो वजनी दानपात्र चोरी कर लिया। चोर मंदिर की दीवार कूदकर अंदर घुसे और अंदर कमरे के गेट पर लगे ताले तोड़े। दानपात्र नहीं खुला तो उठाकर ले गए। शनिवार सुबह पूजा करने के लिए लोग मंदिर पहुंचे तो चोरी का पता चला। चोरी की यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इस संबंध में एसआई आशुतोष सिंह ने बताया कि कमला नेहरू नगर निवासी विजेन्द्र शर्मा ने मामला दर्ज कराया है। मंदिर में चोरी की सूचना पर लोग मौके पर जमा हो गए। लोगों की सूचना पर पुलिस मंदिर पहुंची। लोगों ने मंदिर से 40 किलो वजनी दानपात्र चोरी होने के बारे में बताया। दानपात्र में कितने रुपए थे, इसकी जानकारी नहीं है। पुलिस ने मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं।

## आईआरएस अधिकारियों की प्रदर्शनी शुरू

# पेंटिंग बिक्री से मिली राशि का होगा समाज सेवा में उपयोग

**बेधड़क | जयपुर**

आयकर अधिकारियों के देश के सबसे सशक्त संगठन आईआरएस एसोसिएशन की राजस्थान इकाई की ओर से देश में पहली बार जयपुर में भारतीय राजस्व सेवा-आईआरएस अधिकारियों की पेंटिंग-फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी की खास बात यह रही कि यहां प्रदर्शित सभी करीब 80 फोटो और पेंटिंग केवल मौजूदा अथवा सेवानिवृत आईआरएस अधिकारियों की ओर से तैयार की गई हैं। प्रदर्शनी की शुरुआत राज्य की प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त इरीना गर्ग ने की।

राज्य की प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त इरीना गर्ग ने इस मौके पर कहा कि आयकर अधिकारी कर प्रबंधन के साथ कला व साहित्य के क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ रखते हैं। यह प्रदर्शनी उनकी कलात्मक क्षमता का एक नमूना है। इस प्रदर्शनी के आयोजन का उद्देश्य आयकर अधिकारियों के बीच छिपी कला को बढ़ावा देना और उन्हें मौजूदा जिम्मेदारियों के निर्वाहन के साथ उनकी पसंद को बढ़ावा भी देना है। इस तरह की प्रदर्शनियों से आयकर अधिकारी सामाजिक कार्यों में सहयोग के लिए प्रेरित होंगे।



### अगली प्रदर्शनी भोपाल या लखनऊ में

आईआरएस एसोसिएशन की राष्ट्रीय महासचिव मीता सिंह ने कहा कि एसोसिएशन स्थानीय इकाइयों के सहयोग से ऐसे ही आयोजन किए जाएंगे। उम्मीद है कि अगला आयोजन भोपाल अथवा लखनऊ में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी में होने वाली बिक्री का उपयोग सामाजिक कार्यों में किया जाएगा, जिसका निर्णय स्थानीय इकाई करेगी। उन्होंने कहा कि केवल 20 दिन पूर्व किए गए निर्णय को आज बेहतरीन तरीके से यहां प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया जा रहा है। आईआरएस एसोसिएशन की इस पेंटिंग व फोटो प्रदर्शनी को लेकर प्रदर्शनी की शुरुआत में ही जयपुर के कला प्रेमियों का रुझान भी नजर आया। प्रदर्शनी को देखने के लिए आए जयपुर के कुछ प्रमुख ज्वैलर, कर सलाहकार और कारोबारियों ने यहां एग्जिबिट की गई फोटो व चित्रों में रुचि भी दिखाई। खास बात यह भी रही कि उदघाटन के कुछ समय बाद ही कुछ पेंटिंग और फोटों की तो कला प्रेमियों ने बुकिंग तक कराई। आईआरएस एसोसिएशन की राज्य इकाई के अध्यक्ष मनोज कुमार मेहर ने कहा कि एग्जिब्यूशन में होने वाली बिक्री से प्राप्त राशि की कीमत की ट्राई साइकिलें मंगलवार को विकलांगों को मौके पर ही वितरित की जाएंगी।

## विधानसभा चुनाव के लिए 6 नवंबर तक दाखिल कर सकेंगे पर्चा

# 'पॉलिटिकल वॉरियर' आज से भरेंगे 'वॉर फील्ड' में उतरने का नामांकन

## 7 नवंबर को होगी पर्चों की जांच, 9 नवंबर तक ले सकेंगे नाम वापस

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में होने वाले चुनाव में सोमवार से प्रतयाशी नामांकन दाखिल करेंगे। निर्वाचन विभाग ने सभी 200 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही समस्त रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा लोक सूचना जारी की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन प्रपत्र भरने की अंतिम तारीख 6 नवंबर रहेगी। इस अवधि के दौरान 5 नवबंर को रविवार होने के कारण नामांकन दाखिल नहीं किए जा सकेंगे। नामांकन प्रपत्रों की जांच 7 नवंबर को जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 9 नवंबर है। पूरे प्रदेश में एक ही चरण में 25 नवंबर को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी।



### सुबह 11 बजे से शुरू होगी प्रक्रिया

उन्होंने बताया कि नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति सहित कुल 5 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। नामांकन भरने पहुंचे व्यक्ति के काफिले में केवल तीन वाहनों को ही आरओ कार्यालय के 100 मीटर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी जो दोपहर 3 बजे तक चलेगी। दोपहर 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने या दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी और आरओ भारत निर्वाचन आयोग के इन निर्देशों की पालना कराएंगे। नामांकन भरने की निर्धारित पूरी अवधि में आरओ अपने कार्यालय रहकर संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराएगा।

### 10 हजार रु. जमा करानी होगी जमानत राशि

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अंतर्गत राजस्थान विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए सामान्य अभ्यर्थी को 10 हजार रुपए और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को 5 हजार रुपए जमानत राशि जमा करना होगा।

### 2 क्षेत्रों से चुनाव लड़ सकता है अभ्यर्थी

नामांकन के समय सभी सुसंगत एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे जमानत राशि का प्रमाण, शपथ पत्र आदि के साथ आना होगा। यदि अभ्यर्थी उसी निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नहीं है, जहां से वह चुनाव लड़ रहा है तो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की प्रति या निर्वाचक नामावली से संबंधित भाग की प्रमाणित प्रति देनी होगी। एक अभ्यर्थी एक ही निर्वाचन क्षेत्र के लिए 4 नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है।

### सुरक्षा के किए माकूल इंतजाम

जिला कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन प्रक्रिया के लिए रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश के लिए मेन गेट और चैनल गेट तय कर दिए गए हैं। नामांकन पत्र प्रस्तुतिकरण, और नाम वापसी के दौरान संबंधित रिटर्निंग अधिकारी, पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की जावेगी। शनिवार को पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसेफ ने इस संबंध में जिला कलेक्ट्रेट का निरीक्षण भी किया था।

### नामांकन पत्र प्रस्तुत करने के लिए कलेक्ट्रेट में रहेगी प्रक्रिया

राजपुरोहित ने बताया कि नामांकन प्रस्तुत करने के लिए कलेक्ट्रेट भवन स्थित रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश व्यवस्था के तहत झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए कमरा नंबर 19 और हवामहल क्षेत्र के लिए कमरा नंबर 20 में नामांकन पत्र प्राप्त किये जाएंगे। दोनों क्षेत्रों के लिए प्रवेश मेन गेट संख्या 4 और चैनल गेट संख्या 5 से होगा। वहीं आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए कमरा नंबर 26 में नामांकन पत्र मिलेगा। प्रवेश मेन गेट संख्या 3 और चैनल गेट संख्या 4 से होगा। विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के नामांकन पत्र कमरा नंबर 58 से मिलेगा। प्रवेश मेन गेट संख्या और चैनल गेट संख्या 4 से होगा। बगरू विधानसभा क्षेत्र के लिए कमरा नंबर 46 और सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के लिए कमरा नंबर 48 में नामांकन पत्र मिलेगा।

## 6161 का सरगना गिरफ्तार

# धाक जमाने के लिए पिस्तौल दिखाकर किया था अपहरण



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर कमिश्नरेट की मुहाना थाना पुलिस और डीएसटी साउथ टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अपहरण के मामले में कोटपूतली निवासी 6161 गैंग के सरगना हिस्ट्रीशीटर प्रदीप रावत को गिरफ्तार किया है। साथ ही बताया गया कि आरोपी धाक जमाने के लिए पिस्तौल दिखाकर अपहरण को अंजाम दिया था।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के चंगुल से दो अपहृत युवकों को भी आजाद करवाया। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ ने बताया कि बीते 27 अक्टूबर को मुहाना थाना इलाके में एक फ्लैट में अपने दोस्त से मिलने आए दो युवकों का हथियार की नोक पर अपहरण हुआ था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद बिश्नोई और डीसीपी साउथ योगेश गोयल के निर्देशन में स्पेशल टीम का गठन किया गया। मुहाना थाना पुलिस और डीएसटी साउथ की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की टीम ने तकनीकी सहायता से सूचना एकत्रित करते हुए 6161 गैंग के सरगना हिस्ट्रीशीटर प्रदीप रावत उर्फ प्रदीप गुर्जर को गिरफ्तार किया। गैंग के सरगना प्रदीप रावत और राजेश रावत ने पिस्तौल दिखाकर संजय और सुभाष को स्कॉर्पियो में डालकर अपहरण कर लिया था। इसके खिलाफ राजस्थान में मारपीट, लूट, डकैती, राजकार्य में बाधा, हत्या का प्रयास, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के करीब 19 प्रकरण दर्ज हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## जिला स्पेशल टीम पश्चिम में था तैनात

# पुलिसकर्मी ने किया युवक पर जानलेवा हमला! सस्पेंड किया

**बेधड़क | जयपुर**

पुलिस आयुक्तालय के जिला स्पेशल टीम पश्चिम में तैनात पुलिस कांस्टेबल भाग्यवर्धन सिंह उर्फ हिमांशु को पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसेफ ने सस्पेंड कर दिया है।

कांस्टेबल भाग्यवर्धन सिंह उर्फ हिमांशु पर एक युवक ने जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया था। मामले की जांच पुलिस कर रही है। इस संबंध में निवारू रोड निवासी धर्मवीर सिंह ने मामला दर्ज कराया, जिसमें बताया कि वह 22 अक्टूबर को नांगल तिराहे पर खड़ा हुआ था, तभी उसके पास भाग्यवर्धन सिंह उर्फ हिमांशु का फोन आया और उसे मिलने के लिए बुलाया।

इस पर पीड़ित युवक ने हिमांशु को नांगल तिराहे पर ही आने की कही। धर्मवीर ने आरोप लगाया कि हिमांशु ने आते ही अपने साथियों के साथ उससे मारपीट शुरू कर दी और उस पर अपनी गाड़ी चढ़ा दी।

गाडी की टक्कर से उसका पैर टूट गया। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने उसे हमलावरों से बचाया। लोगों को आते देख आरोपी वहां से भाग निकले। करधनी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चुनाव के दौरान अवैध सामग्री परिवहन पर रहेगी पैनी नजर

# जब्ती के विरुद्ध सुनवाई के लिए समिति गठित

**बेधड़क | जयपुर**

विधानसभा चुनाव के दौरान धन एवं मादक पदार्थों के अवैध इस्तेमाल एवं परिवहन को रोकने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों का सघन चेकिंग अभियान जारी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने रविवार को पुलिस, उड़नदस्ता दलों एवं स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा कार्य के दौरान नकदी, वस्तु जब्ती के लिए की गई कार्रवाई के विरूद्ध सुनवाई हेतु जिला स्तरीय शिकायत समिति का गठन कर दिया है। उन्होंने बताया कि जिला शिकायत समिति में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, जयपुर को अध्यक्ष, नोडल अधिकारी, चुनाव व्यय अनुवीक्षण (संयोजक) तथा कोषाधिकारी को सदस्य बनाया गया है।

जिला शिकायत समिति जब्त की गई नकदी व वस्तु आदि के लिये प्राप्त अपील पर नियमानुसार सुनवाई करते हुए निर्धारित अवधि में निर्णय किया जाना सुनिश्चित करेगी। जब्ती से संबंधित किसी भी शिकायत नोडल अधिकारी, चुनाव व्यय अनुवीक्षण के मोबाइल नंबर- 9829280840 पर संपर्क किया जा सकता है

### 50 हजार से अधिक नकदी मिलने पर बताना होगा स्त्रोत

आदर्श आचार संहिता के दौरान प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा सघन जांच कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी नागरिकों को सलाह दी है कि चुनाव अवधि में 50 हजार रुपये से अधिक नकद राशि लेकर परिवहन ना करें। अति आवश्यक होने पर नकद राशि के संबंध में सम्पूर्ण दस्तावेज यथा बैंक स्टेटमेंट, नकद प्राप्ति का स्त्रोत एवं राशि के व्यय का प्रयोजन इत्यादि के संबंध में साक्ष्य दस्तावेज साथ में रखें ताकि जांच के दौरान उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी दल के समक्ष वांछित दस्तावेज प्रस्तुत किये जा सकें।

## झोटवाड़ा आरओबी: त्योहारी सीजन में निर्माण की धीमी चाल बन रही समस्या

# एक महीने में 100 मीटर काम, चार महीने में कैसे बनेगी 740 मीटर सड़क

**बेधड़क | जयपुर**

आचार संहिता के लागू होने के बाद विकास की रफ्तार कैसे धीमी हो जाती है। इसकी बानगी झोटवाड़ा आरओबी के दूसरे चरण के कार्य में देखने को मिल रही है। महीनेभर पहले जेडीए के अधिकारियों ने दावा किया था कि दूसरे चरण में बची 740 मीटर की सड़क पुलिया निर्माण चार महीने में पूरा हो जाएगा, लेकिन हालात इसके उलट हो रहे हैं।

एक महीना बीत जाने के बाद भी निर्माण के कार्यों में सुस्त चाल के कारण मात्र 100 मीटर का ही निर्माण कार्य पूरा हो पाया है। ऐसे में चार महीने में पूरा निर्माण करने पर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं निर्माण कार्यों में देरी के कारण स्थानीय व्यापारियों के सामने में बड़ा संकट पैदा हो गया है। दिन भर धूल उड़ने और दुकानों के सामने निर्माण कार्य के कारण त्योहारी सीजन पर रुकावट हो गई है। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि आरओबी के बचे हुए निर्माण में जेडीए के अधिकारी कोई मॉनिटिरिंग नहीं कर रहे हैं, जिससे कि इसे बनाने वाली कम्पनी बहुत ही सुस्त चाल से निर्माण कार्य कर रही है।



### 15 दिन बाद दीवाली, कैसे होगी माल की खपत

झोटवाड़ा और खातीपुरा बाजार में अधिकतर दुकानें रेडिमेड और महिलाओं के परिधानों के शोरूम हैं। ऐसे में दुकानदारों ने त्याहारी सीजन को देखते हुए माल स्टाक भी मंगा लिया, लेकिन आरओबी के निर्माण के कारण वे दुकान तक नहीं लगा पा रहे हैं। ऐसे में उन्हें माल की खपत की चिंता सता रही है। उनका कहना है कि दीवाली का सीजन चल रहा है। ग्राहकों को दुकान तक आने में समस्या हो रही है। हमने निर्माण कर रहे इंजीनियरों को भी कई बार काम रोकने के लिए कहा, लेकिन दिन में काम होने से धूल उड़कर दुकानों में जाती है। इससे ग्राहक दुकान में ही नहीं आ पाते हैं। यहां पर रात में काम होना चाहिए, जिससे हमारी दुकानदारी पर असर नहीं पड़े।

### नहीं सुधर रही जाम की समस्या


झोटवाडा आरओबी के दूसरे फेज के निर्माण में देरी के चलते लता सिनेमा पर जाम की स्थिति बनी रहती है। सुबह-शाम तो यहां वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे हैं। खातीपुरा से आने वाले वाहन और कालवाड़ से आने वाले वाहनों का मार्ग एक ही होने से सबसे ज्यादा दिक्कत आ रही है। लोगों को 1 किमी का रास्ता पार करने में ही करीब 30 मिनट तक का समय लग जाता है। वहीं कई बार जाम से एम्बुलेंस भी फंस जाती है, जिसे बड़ी मशक्कत से निकाला जाता है।

### व्यापारियों ने लगाया अधिकारियों पर भेदभाव का आरोप

झोटवाड़ा पंचायत समिति के पास स्थित व्यापारियों ने आरोप लगाया कि आरओबी के अधूरे निर्माण कार्य को लेकर कुछ दिनों पहले जेडीए के अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने आए थे। वे फुटपाथ बनाने को लेकर उनकी दूकानों के सामने चबूतरे और दूकान के हिस्से को तोड़ने को आमादा होने लगे, जबकि पीछे से फुटपाथ नाले से बनता हुआ आ रहा है। ऐसे में जेडीए कार्रवाई का व्यापारियों ने विरोध कर दिया। इस पर अधिकारी बिना कार्रवाई वापस लौट गया।

## ये बोले व्यापारी

### त्योहारी सीजन में आ रही दिक्कत



"आरओबी के अधूरे निर्माण कार्य से त्यौहारी सीजन में दिक्कते आ रही है। आचार संहिता लगने के बाद कोई भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है। जेडीए को निर्माण कार्य जल्द पूरा कराना चाहिए।

**राजकुमार कुमावत,** दूकानदार



"जेडीए दूकानों के आगे फुटपाथ नाले पर नहीं बनाकर दूकान के हिस्से और चबूतरे को तोड़कर बना रहा है। जो कि गलत है। सभी व्यापारी इसका जमकर विरोध कर रहे है।

**महेंद्र कुमार साहू,** दूकानदार



"जेडीए की ओर से आरओबी के दूसरे चरण के कार्य की रफ्तार बहुत धीमी है। इस कारण जाम की समस्या लगातार बन रही है। आमजन को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है।

**देवी पाल सिंह,** एडवोकेट

## जरूरी खबर

### अतिशय क्षेत्र सांखना में वार्षिक मेले का समापन



**टोंक।** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सांखना में आयोजित 450वें वार्षिक उत्सव एवं दो दिवसीय मेले का समापन रविवार को हुआ। इस मौके पर भगवान शांतिनाथ की सोने के कलश अभिषेक एवं शान्तिधारा की गई। वार्षिक उत्सव के तहत मंदिर प्रांगण में सुरेश कुमार सर्राफ , नीरू सर्राफ ने झंडारोहण किया। इसके बाद श्रीजी की रथयात्रा निकाली गई। इसमें सारथी बनने का सौभाग्य शिखर चंद एवं हार्दिक पाटोदी को मिला। रथ यात्रा का लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया।

### ट्रैक्टर ट्रॉली-ट्रक में भिड़ंत, युवती की मौत व छह घायल

**अजमेर।** जिले में रविवार को एक ट्रक ने ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार एक युवती की मौत हो गई और एक ही परिवार के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। नसीराबाद सदर थाना पुलिस के अनुसार, ग्राम सीरियास, भीलवाड़ा निवासी भोजाराम कालबेलिया का परिवार ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर ग्राम करेड़ा से जयपुर जा रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार ट्रक ने झड़वासा पुलिस चौक के पास ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में संजना (18) पुत्री भोजाराम की इलाज के दौरान मौत हो गई। बाकी घायलों का जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बॉलीवुड म्यूजिकल नाइट में देर रात तक झूमे दर्शक



**निवाई।** नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में प्रताप स्टेडियम पर बॉलीवुड म्यूजिकल नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सवाई भट्ट के नेतृत्व में बॉलीवुड म्यूजिकल डांस सहित कई रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। इसको देखने के लिए शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से भीड उमड पडी। कार्यक्रम में भट्ट के अलावा बोम्बे की डांसर पीहू जैन, एंकर दर्पण कुमार, एंकर शालिनी जोशी ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान कलाकरों ने दीवानी मस्तानी, सैंया ने देखा ऐसे मैं पानी पानी हो गई, आज भी है पानी पानी जैसे गीतों से समां बांध दिया।

**बेखौफ अपराधी:** सर्राफा व्यापारी को बनाया निशाना, वारदात के विरोध में बंद रहा बयाना

# ज्वेलर को गोली मार गहनों से भरे 2 बैग लूट ले गए बदमाश

बेधड़क | भरतपुर

जिले में बदमाशों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसकी खौफनाक बानगी यहां देखने को मिली। हालात ये हैं कि बदमाश बेखौफ वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला बयाना कस्बे में सामने आया है। बदमाशों ने दिनदहाड़े एक सर्राफा व्यावसायी को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया और लूटपाट कर फरार हो गए। बदमाशों ने व्यापारी के सीने में गोली मारी।

इसके बाद व्यावसायी के पास मौजूद आभूषणों से भरे दो बैग लूटकर भाग गए। दिनदहाड़े हुई वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं सर्राफा व्यावसायी की हत्या के बाद व्यापारी आक्रोशित हो गए। गुस्साए व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वारदात के विरोध में व्यापारियों ने बयाना कस्बे को बंद रखा गया है और आक्रोश जताया।

पुलिस उपाधीक्षक अनीता मीणा ने बताया कि वारदात बयाना कस्बे में शनिवार शाम को छीपी गली के पास हुई। उस समय बयाना निवासी ज्वेलर बबलू जैन का बेटा मन्नी रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर जा रहा था।



उसके पास आभूषण से भरे 2 बैग, नकदी और दुकान की चाबी थी। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए। एक बदमाश ने मन्नी के सीने में गोली चला दी। इससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। उसके बाद बदमाश उसके हाथ से बैग छीनकर फरार हो गए।

### व्यापारियों ने थाने का किया घेराव

घटना के बाद व्यापारियों और स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला। व्यापारियों ने रविवार को कस्बे के बाजार बंद रखकर विरोध जताया। गुस्साए व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने थाने का घेराव कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई। व्यापारियों का कहना है कि चुनाव के दौरान जगह-जगह नाकाबंदी की गई है, लेकिन उसके बावजूद भी बदमाश बड़े आराम से फरार हो गए। वहीं पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने व्यापारियों से कहा कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सीसीटीवी में नजर आए संदिग्ध

एएसपी ओमप्रकाश किलानिया ने बताया कि वारदात करने वाले 2 संदिग्ध सीसीटीवी की फुटेज में नजर आए हैं। आरोपियों को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है। संभवतया बदमाश धौलपुर जिले के हैं। फुटेज को बॉर्डर के जिलों धौलपुर और करौली के थानों को बदमाशों की पहचान के लिए भेजा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ही बदमाशों का पता लगाने में जुटी है। पुलिस टीमें गठित कर रवाना की गई है।

### इलाज के दौरान तोड़ा दम

दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर मौजूद लोगों ने खून से लथपथ घायल ज्वेलर मन्नी को अस्पताल पहुंचाया। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे भरतपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। भरतपुर में इलाज के दौरान ज्वेलर की मौत हो गई। इधर, वारदात में युवक की मौत की सूचना मिलते ही स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश फैल गया।

**आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करते समय** ट्रक से टकराई कार

# रफ्तार का बरपा कहर, एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

बेधड़क | हनुमानगढ़

जिले में रविवार को दिल दहला देने वाला भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। वहीं दो जने गंभीर घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हाईवे पर आगे चल रहे वाहन को तेज स्पीड में ओवरटेक के प्रयास में हादसा हुआ। कार वाहन को ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रहे सिमेंट से भरे ट्रक से टकरा गई।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। तेज धमाके के साथ भिड़े वाहनों की आवाज सुनकर स्थानीय लोग और राहगीर दुर्घटना स्थल की ओर दौड़े। हादसे में जान गंवाने वालों में दो महिलाएं और दो बच्चियां भी शामिल हैं।

पुलिस के मिली जानकारी के अनुसार हादसा शनिवार देर रात मेगा हाईवे पर लखूवाली और शेरगढ़ के बीच हुआ। कार में सवार परिवार के नौ सदस्य करीब चार किलोमीटर दूर आदर्श नगर गांव में एक जन्मदिन समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। सभी हनुमानगढ़ जिले के नौरंगदेसर गांव के रहने वाले थे। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। हादसे की सूचना पाकर सीओ सिटी अरविंद बेरड, टाउन सीआई वेदपाल शिवराण टीम के साथ मौके पर पहुंचे।



### CM गहलोत ने हादसे पर जताया दुख

भीषण हादसे को लेकर मुख्यमंत्री गहलोत ने भी दुख जताया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सीएम ने कहा, " सड़क हादसे में सात लोगों की मौत बेहद दुखद है। मैं ईश्वर से दिवंगत जनों की आत्मा की शांति एवं परिजनों को हिम्मत देने की प्रार्थना करता हूं।" उन्होंने कहा, "मैं सभी से अपील करता हूं कि सड़क पर बेहद सावधानी बरतें। छोटी-सी गलती जीवनभर की पीड़ा दे जाती है।"

### परिवार का दादा पहले से ही बिस्तर पर

हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिवार में गुरबचन सिंह पिछले कुछ साल से लगातार बीमार रहते हैं। जो कई महीनों से बिस्तर पर हैं। इस हादसे में गुरबचन सिंह के केवल एक पौत्र आकाशदीप और अबोध पौत्र मनराज कौर ही बचे हैं, जिन्हें बीकानेर रेफर किया गया है। इनमें से आकाशदीप की हालत बेहद गंभीर बताई गई है। हादसे की सूचना मिलते गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### घायलों और मृतकों की हुई पहचान

एसपी राजीव पचार ने बताया कि कार में सवार गुरबचन सिंह की पत्नी परमजीत कौर (60), पुत्र रामपाल सिंह (36), पुत्रवधु रीमा (35), पौत्र आकाशदीप (14), पौत्री रीत (12), दूसरा बेटा खुशविंद्र सिंह (30), पुत्रवधु परमजीत कौर (22), पौत्र बेटा मनजोत (5) और पौत्री मनराज कौर (2) सवार थे। इनमें से आकाशदीप और मनराज कौर गंभीर घायल हैं, जिन्हें बीकानेर रेफर किया गया है। बाकी सभी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, अब परिवार में बीमार दादा की देखभाल के लिए केवल आकाशदीप और मनराज ही बचे हैं। उसने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया और उसकी तलाश की जा रही है।

### गलत दिशा में आ रहा था ट्रक

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुरुआती जांच से पता चला है कि सिमेंट से भरा ट्रक गलत दिशा से आ रहा था और एक वाहन से आगने निकलने की कोशिश कर रहा था। उसने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कार पूरी तरह से पिचक गई। कार के पार्ट्स दूर तक बिखर गए। एसपी डॉ. राजीव पचार ने बताया कि रिट्ज कार में बच्चों सहित नौ लोग सवार थे। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, नौरंगदेसर निवासी गुरबचन सिंह मजबी का परिवार गांव से अपनी कार में सवार होकर घर से चार किलोमीटर दूर गांव आदर्शनगर में एक बर्थडे पार्टी में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी बीच रात करीब 11 बजे हनुमानगढ़ से सरदारशहर मेगा हाइवे पर गांव लखूवाली शेरगढ़ के बीच तेज स्पीड में ओवरटेक करने के कारण कार सामने से आ रहे सीमेंट से भरे ट्रक से टकरा गई।

**मानवता शर्मसार...**रिश्तों का कत्ल

# शराब के लिए पैसे नहीं देने पर बेटे ने 'ममता' का घोटा गला

बेधड़क | झालावाड़

जिले में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही मां को गला घोटकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के पीछे की वजह आपको हैरान कर देगी और आप समाज में आ रहे नकारात्मक बदलाव पर सोचने को मजबूर हो जाएंगे। जो मां नौ माह तक पीड़ा को झेलते हुए औलाद को अपने गर्भ में पालती है उसे ही मौत की नींद सुलाकर कलयुगी बेटे ने मानवता को शर्मसार कर दिया है।

बुजुर्ग मां को कसूर सिर्फ इतना था कि उसने शराब पीने के लिए बेटे को पैसे नहीं दिए। इसी बात से खार खाए आरोपी बेटे ने अपनी ही मां का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। एसएचओ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि दीन्याखेड़ी निवासी चुन्नीलाल (70) पुत्र मन्नालाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। चुन्नीलाल ने शिकायत में बताया कि शुक्रवार को वह और उसकी पत्नी मकान के पीछे बने छपरे में सो रहे थे। रात 12 बजे उसका बेटा लालचंद मीणा (42) शराब के लिए रुपए मांगने आया। मैंने मना किया तो मुझसे मारपीट करने लगा।

पत्नी श्यामा बाई बीच- बचाव करने आई तो उसका गला दबाकर हत्या कर दी। मां की मौत के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी लालचंद मीणा के खिलाफ हत्या करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### 20 साल पहले की थी पत्नी की हत्या

मां की हत्या करने वाला आरोपी लालचंद मीणा अपनी पत्नी की भी हत्या कर चुका है। करीब 20 वर्ष पूर्व लालचंद मीणा ने शराब के लिए अपनी पत्नी की हत्या की थी। इसके चलते वह जेल भी गया था।

**यात्रा मार्ग में पांच क्विंटल** फूलों से किया स्वागत

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ महायज्ञ

बेधड़क | शाहपुरा

त्रिवेणीधाम में ब्रह्मलीन पद्मश्री नारायणदास महाराज के आशीर्वाद व खोजीद्वाराचार्य रामरिछपालदास के सान्निध्य में रविवार को 9 दिवसीय 108 कुण्डात्मक सीताराम महायज्ञ शुरू हुआ। महायज्ञ के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। त्रिवेणी नदी में पूजा-अर्चना के बाद बैंडबाजे के साथ 551 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा त्रिवेणीधाम के परिक्रमा करते हुए गणेश मंदिर होते हुए यज्ञ मंडप में पहुंची और यज्ञ मंडप में प्रवेश किया। यज्ञ कुंडों पर 321 यजमान आहुति देंगे। करीब 400 से अधिक पंडित पूजा-अर्चना करवाएंगे।



### विंटेज कार को दिया बग्घी का दिया रूप

कलश यात्रा के दौरान जयपुर से आई विन्टेज कार को दुल्हन की तरह से सजाकर बग्गी का रूप दिया गया। इसमें खोजीद्वाराचार्य रामरिछपालदास व धन्नापीठाधीश्वर बजरंग देवाचार्य, बनारसीदास महाराज सवार होकर कलश यात्रा के साथ चले। कलश यात्रा पर 5 क्विंटल पुष्प बरसाए गए। यज्ञ के साथ ही रामलीला भवन में श्रीरामकृष्ण कला अनुकरण संस्थान वृंदावन के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन शुरू हुआ।

### महायज्ञ में दो पारी में लगेगी आहुतियां

उमेश त्रिवेदी, शंकर यादव, महेश शर्मा, खेमचंद त्रिवेदी ने बताया कि महायज्ञ प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक एवं दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक दो पारी में चलेगा। महायज्ञ के दौरान सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा भी होगी। शाम 7 बजे से रामलीला का भी मंचन होगा।

**सम्मेलन में जुटे** अलग-अलग संप्रदायों के धर्मगुरु

# कोई जाति बुरी नहीं होती, बल्कि जातिवाद बुरा: समताराम महाराज

बेधड़क | अजमेर

कायड़ विश्राम स्थली में रविवार को जन स्वाभिमान मंच के संयोजक राजऋषि समताराम महाराज के आह्वान पर लाखों लोग जुटे। इस कार्यक्रम में खास बात रही की अलग-अलग मजहब और संप्रदायों के सैंकड़ों संत और धर्मगुरुओं ने मंच की शोभा बढाई।

नांद पुष्कर गोशाला के संत समताराम महाराज ने मंच से कहा की जिस तरह से उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुंडाराज का खात्मा किया हैं, वैसे ही अब राजस्थान में भी ऐसा होना चाहिए। महाराज ने कहा कि मुझे चुनाव नहीं लड़ना, लेकिन राजस्थान के राजनीतिक हालातों को लेकर मेरे मन में एक पीड़ा है।



आज राजस्थान में हर तरफ एक विशेष जाति संसाधनों और नौकरियों पर एक तरफा कब्जा जमाएं हुए है। मूल ओबीसी को उसके आरक्षण का जायज लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए मूल ओबीसी के अधिकार सुरक्षित हो सके, इसके लिए आरक्षण का वर्गीकरण आज सबसे बड़ी जरूरत है।

महाराज ने कहा कि देश में लोग सनातन खतरे में होने की बात कह रहे है, लेकिन मुझे लगता है मानवतावाद खतरे में हैं। ऐसे में अब हमें इन चुनावों में एकजुट होकर जातिवादी और जातियों की राजनीति करने वाले नेताओं को वोट की चोट से सबक सिखाना है। उन्होंने कहा कि कोई भी जाति बुरी नहीं होती, बल्कि जातिवाद बुरा होता है।

**रोज की दिनचर्या बनी कठिन मेहनत**

# युवाओं में फौज के लिए जज्बा कायम, लेकिन 'अग्निपथ' से हो रहे निराश

बेधड़क | झुंझुनूं

भारतीय सेना में जाकर देश की सेवा करने का युवाओं के मन में जज्बा है, लेकिन सेना भर्ती के लिए लाई गई 'अग्निपथ' योजना से उनमें निराशा है। फोन में सेवा देने का सपना लेकर तड़के 3.30 बजे उठना और दौड़ लगाना पिछले कुछ वर्षों से दीपक मील की दिनचर्या का हिस्सा रहा है।

मील की तरह ही शेखावाटी क्षेत्र के सैकड़ों युवा सेना में भर्ती होने के लिए हर दिन इसी तरह की दिनचर्या का पालन करते हैं। उन सभी में अग्निपथ योजना को लेकर निराशा है।

हालांकि, उम्मीदवार पिछले साल जून में शुरू की गई इस योजना के राजनीतिक निहितार्थों के बारे में मुखर नहीं हैं, लेकिन स्थानीय लोगों के बीच होने वाली चर्चाओं में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के प्रति नाराजगी स्पष्ट रूप से झलकती है। भाजपा 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत के जरिये राज्य की सत्ता वापस हासिल करना चाहती है।

एक तरफ जहां भाजपा नेताओं का दावा है कि अग्निपथ योजना को लेकर कोई नकारात्मक माहौल नहीं है, वहीं राष्ट्रीय स्तर पर उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस का कहना है कि योजना के साथ सब कुछ ठीक नहीं है। पार्टी का दावा है कि कई उम्मीदवार, पूर्व सैनिक और अभी भी सेवारत कर्मी इस योजना से नाखुश हैं। अग्निपथ योजना सैनिकों को चार साल की सेवा अवधि प्रदान करती है।

इसमें से 25 फीसदी को आगे भी सेवा जारी रखने के लिए चुने जाने का प्रावधान है। यह योजना अधिकारी रैंक से नीचे की भर्ती के लिए है। युवाओं का कहना है कि वे सेना में भर्ती होने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, कुछ तो पांच-छह साल तक ऐसा करते हैं, लेकिन केवल चार साल की सेवा के लिए यह सब करना न्याय नहीं है।



### दूसरी नौकरी तलाशने की रहेगी चुनौती

एक अन्य अभ्यर्थी विकास ताखर ने कहा, कि सेना में सेवा करना सम्मान की बात है। हमने शहीदों का इतने सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होते देखा है, लेकिन अब अग्निपथ योजना के साथ चीजें बदल गई हैं।' ताखर ने कहा, जब एक अग्निवीर चार साल की सेवा के बाद घर लौटता है, तो उसे उतना सम्मान नहीं मिलेगा और उसके सामने दूसरी नौकरी तलाशने की चुनौती भी होगी।

### कड़ी मेहनत और सिर्फ चार साल की सेवा

सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे दीपक मील का कहना है- हम तड़के चार बजे स्टेडियम में दौड़ना शुरू करते हैं, जिसके बाद डेढ़ घंटे तक व्यायाम करते हैं। सरकार से अब क्या उम्मीद की जा सकती है, वह पहले ही अग्निपथ ला चुकी है। हममें से कुछ लोग चार साल या उससे अधिक समय से तैयारी कर रहे हैं, लेकिन केवल चार साल की सेवा मिलेगी, यह बिल्कुल गलत है। एक अन्य अभ्यर्थी, राम सिंह ने कहा कि 'हम दिन-रात पसीना बहा रहे हैं, लेकिन सरकार अग्निपथ लेकर आई है। इसने युवाओं में निराशा है।

### क्षेत्र में 'अग्निपथ' का व्यापक विरोध

कांग्रेस की झुंझुनूं इकाई के अध्यक्ष दिनेश सुंडा ने कहा कि पूरे शेखावाटी क्षेत्र में इस योजना का व्यापक प्रभाव है। पूर्व सैनिक इस योजना के खिलाफ हैं और युवा भी नाखुश हैं। सभी जानते हैं कि इस धोखे के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार है और वे चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देने के लिए तैयार हैं। सुंडा ने बताया कि अग्निपथ योजना के मुद्दे पर आगामी दिनों में झुंझुनूं में पूर्व सैनिकों की रैली निकाली जाएगी। वहीं, पिलानी के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र बेनीवाल ने कहा कि अग्निपथ योजना वास्तव में शेखावाटी में एक प्रमुख चुनावी मुद्दा है। भाजपा को इस मुद्दे को लेकर नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी दौसा और झुंझुनूं में अपनी हालिया रैलियों में अग्निपथ योजना के कारण युवाओं में निराशा होने की बात कही थी। वहीं, भाजपा नेता और सैनिक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर ने जोर देकर कहा कि योजना का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं है। नीम का थाना सीट (सीकर) से विधानसभा चुनाव लड़ रहे बाजोर ने कहा कि अग्निपथ योजना के बारे में बिल्कुल भी नकारात्मकता नहीं है, युवा इससे खुश हैं।






चुनावी पोळ

बड़े रावळै बैठक चलै,
टिकटां को इंतजार
भितरघात को डर घणों,
बागी खड़ा त्यारम।।

■ गजानन

विधानसभा चुनाव | भाजपा और कांग्रेस ने नेताओं के करीबी परिजनों को दिए टिकट

# वंशवाद को कोस, उसी के सहारे नैया पार लगाने में जुटी पार्टियां

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ने पार्टी नेताओं के करीबी परिजनों को टिकट दिए हैं। राज्य में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि हमारी पार्टी ने विद्रोह से बचने के लिए सावधानीपूर्वक कदम उठाए हैं। आगामी विधानसभा चुनावों में विद्रोह की आशंका टालने के लिए नेताओं के परिवार के सदस्यों को टिकट दिए गए हैं। भाजपा की 124 उम्मीदवारों की दो सूची में पार्टी ने कम से कम 11 ऐसे प्रत्याशियों को टिकट दिया है, जो प्रमुख नेताओं के परिवार के सदस्य हैं। वहीं, कांग्रेस के 95 उम्मीदवारों में से 18 ऐसे हैं, जिनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि रही है। दोनों दलों ने अभी राजस्थान विधानसभा की सभी 200 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है।



## भाजपा: पिछले चुनाव में हुआ था 15 से ज्यादा सीटों का नुकसान

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को 15 से ज्यादा सीटों के नुकसान के कारण सत्ता गंवानी पड़ी थी। पार्टी 78 सीटें हासिल कर सकी थी, जबकि कांग्रेस भी सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत हासिल नहीं पाई थी और उसके खाते में 96 सीटें गई थीं। अगर तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के खिलाफ बगावत के कारण भाजपा को झटका नहीं लगा होता, तो पार्टी निर्दलीय उम्मीदवारों को साथ लेकर सरकार बना सकती थी। 2018 के चुनाव में बसपा ने छह सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि 14 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों और अन्य को विजय हासिल हुई थी।

## बीजेपी ने बगावत से बचने लिया सहारा

भाजपा उम्मीदवारों की सूची में प्रमुख नेताओं के बेटे, बेटियां, पोतियां और बहुएं शामिल हैं। पार्टी ने उन नेताओं के परिवार के सदस्यों पर उचित ध्यान दिया है, जिनकी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मौत हो गई। पार्टी ने दिवंगत सांसद सांवर लाल जाट के बेटे राम स्वरूप लांबा को नसीराबाद सीट से और दिवंगत पूर्व राज्य मंत्री दिगंबर सिंह के बेटे शैलेश सिंह को डीग-कुम्हेर सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। लांबा ने 2018 में भी भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। वह इससे पहले अजमेर सीट से लोकसभा उपचुनाव भी लड़ चुके हैं, लेकिन तब वह कांग्रेस के रघु शर्मा से 80,000 वोटों के अंतर से हार गए थे। भाजपा का टिकट पाने वाले अन्य ऐसे प्रत्याशियों में गुर्जर नेता किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैंसला (देवली-उनियारा सीट), पूर्व सांसद एवं जयपुर के पूर्व शाही परिवार की सदस्य गायत्री देवी की पोती दीया कुमारी (विद्यासागर नगर), पूर्व सांसद करणी सिंह की पोती एवं बीकानेर राजपरिवार की सदस्य सिद्धि कुमारी (बीकानेर पूर्व), पूर्व विधायक हरलाल सिंह खर्रा के बेटे झाबर सिंह खर्रा (श्रीमाधोपुर), पूर्व विधायक धर्मपाल चौधरी के बेटे मंजीत चौधरी (मुंडावर), पूर्व सांसद नाथूराम मिर्धा की पोती ज्योति मिर्धा (नागौर), पूर्व विधायक गौतम लाल मीणा के बेटे कन्हैया (धरियावद), पूर्व मंत्री किरण माहेश्वरी की बेटी दीप्ति माहेश्वरी (राजसमंद) और पूर्व विधायक श्रीराम भींचर की बहू सुमिता (मकराना) शामिल हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि बगावत से बचने के साथ-साथ 2008 के विधानसभा चुनाव जैसे नतीजे टालने के लिए यह कदम उठाया गया है।

## कांग्रेस: परिवारवाद की राजनीति

कांग्रेस ने भी बड़ी संख्या में राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। इनमें से ज्यादातर वे हैं, जो 2018 में चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। कांग्रेस की 95 उम्मीदवारों की तीन सूची में 18 ऐसे उम्मीदवार हैं, जिनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि है। इनमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी की पत्नी सुशीला डूडी (नोखा सीट), पूर्व विधायक भंवर लाल शर्मा के बेटे अनिल शर्मा (सरदारशहर), पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला के बेटे बृजेंद्र ओला (झुंझुनूं), विधायक सफिया खान के पति जुबेर (रामगढ़) शामिल हैं। पार्टी बिरदीचंद जैन के रिश्तेदार मेवाराम जैन (बाड़मेर) और पूर्व मंत्री भंवर लाल मेघवाल के बेटे मनोज मेघवाल (सुजानगढ़) पर भी दांव खेल रही है। कांग्रेस ने राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले जिन अन्य उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, उनमें पूर्व विधायक रामनारायण चौधरी की बेटी रीटा चौधरी (मंडावा), पूर्व राज्यसभा सांसद अबरार अहमद के बेटे दानिश अबरार (सवाई माधोपुर), पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट के बेटे सचिन पायलट (टोंक), पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा के बेटे विजयपाल (डेगाना), पूर्व मंत्री महिपाल मदेरणा की बेटी दिव्या मदेरणा (ओसियां), पूर्व मंत्री मलखान बिश्नोई के बेटे महेंद्र (लूनी) और पूर्व मंत्री गुलाब सिंह शक्तावत की बहू प्रीति (वल्लभनगर) शामिल हैं।

### वंशवाद की राजनीति पर रंधावा ने जताई थी चिंता

हैरानी की बात यह है कि सितंबर के पहले सप्ताह में कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पार्टी में वंशवाद की राजनीति पर चिंता जताई थी। उन्होंने युवा कांग्रेस की एक बैठक के बाद पत्रकारों से कहा था कि अगर कांग्रेस में बड़े नेता अपने परिवार को पीछे नहीं रखेंगे तो पार्टी कैसे आगे बढ़ेगी। मेरा 22 साल का बेटा है, लेकिन मैंने उसे कभी कोई पद नहीं दिया। मेरे पिता दो बार पार्टी प्रमुख और मंत्री रहे, लेकिन उन्होंने हमें कभी कोई पद नहीं दिया। 1997 में मुझे टिकट दिया गया और वह पीछे हट गए। रंधावा ने कहा था कि वह राजस्थान में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनने पर वंशवाद की राजनीति को कम करने का प्रयास करेंगे।




बिहाइंड द कर्टेन

## टिकट के लिए दल भी बदलने को तैयार नेताजी

*हाल चुनावी बिसात बिछने के साथ ही अब दल बदलने का मौसम शुरू हो गया है। कोई टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर तो कोई दूसरी पार्टी से टिकट की लालच में पार्टी बदल रहा है। कुछ ऐसे भी हैं जो चुनावी मौके का फायदा उठाकर अपनी पार्टी से पिंड छुड़ाना चाह रहा है। वहीं राजनीतिक पार्टियों भी दल बदलु नेताओं को तब्बजों दे रही है। विपक्षी पार्टी से आए नेताओं को पार्टी ज्वाइन करने के साथ ही टिकट से नवाजा जा रहा है। हाल ही में धौलपुर से आने वाली फूल वाली पार्टी की महिला विधायक ने जैसे ही हाथ वाली पार्टी में एंट्री ली तो पार्टी ने उनका खूब सत्कार किया। इतना ही नहीं महिला विधायक का टिकट भी पक्का हो गया। ऐसे ही जयपुर से किशनपोल सीट से कांग्रेस की महिला नेता ने भी टिकट की आस में फूल वाली पार्टी का थामन थाम लिया है। वैसे इन महिला नेत्री को हाथ वाली पार्टी ने भी पद और प्रतिष्ठा देने में कोई कमी नहीं छोड़ी। यहां तक की 2019 में पार्टी ने उन्हें सांसद का टिकट भी दिया, लेकिन वे सीट निकालने में नाकाम रही। महिला नेत्री अब नई पार्टी में अपनी राजनीतिक छवि चमकाने के प्रयास में है। अलबत्ता चुनावी मौसम राजनेताओं के लिए दल बदलने का भी मौका बन रहा है। कई नेताओं का तो ध्येय तो ऐने केन प्रकारेण चुनाव का टिकट पाना बना हुआ है। इसके लिए खुद की पार्टी को छोड़कर दूसरी पार्टी में जाने से भी गुरेज नहीं कर रहे।*

■ *यायावर*

ई वॉर

Rajasthan PCC @INCRajasthan · 3h
प्रदेश में कांग्रेस सरकार की सामाजिक न्याय और जनहित योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा है।
इसलिए-
जन-जन की है यही पुकार-
"कांग्रेस सरकार फिर इस बार"

BJP Rajasthan @BJP4Rajasthan · 49m
गहलोत की फ्री स्कीम में कुछ नहीं मिला
प्रदेश की जनता को सिर्फ मोदी चाहिए।

थड़ी पॉलीटिक्स

कोई भी जीतै...

## थे तो पांच साल बाद भी सड़क पर ही मिलौगा..

स्थान झोटवाड़ा | समय दोपहर 1:15 बजे

जयपुर

*जैसे जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, अनुमान, कयास, जिज्ञासा, उत्साह सब बढ़ते जा रहे हैं। कहने को चुनाव के दिन में अभी एक महीना है, लेकिन लोगों ने भावी सरकार की शक्ल अपने अनुमानों में बनाना बहुत पहले ही शुरू कर दिया था। जैसे-जैसे उम्मीदवारों की तस्वीरें साफ हो रही हैं, लोगों के जेहन में सरकार की तस्वीर भी आकार ले रही है। देश दुनिया की तमाम खबरों से लेकर घर-परिवार की चर्चाओं तक के बीच में चुनावी चकल्लस अपनी जगह बना चुकी है, जो चुनाव के बाद नई सरकार बनने तक तो जारी ही रहेगी। तो लोगों की चर्चाओं के बीच से सुनहरे लोकतंत्र की एक झलक देखने हम पहुंचे झोटवाड़ा में मेडिकल सेंटर के पास मौजूद एक चाय की थड़ी पर। यहां इधर-उधर लोहे के डिब्बों पर जमे लोगों में चल रही अलग-अलग चर्चाओं के बीच चुनावी चर्चा सुनी तो उस पर ध्यान गया-"भाई, अबकै तो झोटवाड़ो भी जोरदार अखाड़ो बण ग्यो, कर्नल साब टिकट तो लियायो पण मामलो थोड़ो टेढ़ो छ अभी।" किसी ने बात छेड़ी तो सामने से जवाब आया-"टक्कर जोरदार होवैगी अबकी बार, कर्नल की पकड़ तो थोड़ी-बहोत छ ही। अर इतनो आसान होतो तो सामनां वाला नैं इतनां दिन कोन्या लागता टिकट फाइनल करबा मं। कोई तो चक्कर छ ही।" बात सही थी। भाजपा की टिकट आए काफी दिन हो चुके हैं पर कांग्रेस यहां से अभी तक उम्मीदवार ही फाइनल नहीं कर पाई। पास में चाय की चुस्कियां लेने में मशगूल युवक ने इस बात का जवाब दिया-"भाई, कांग्रेस तो बाद मं टक्कर देगी, पैली तो खुद का नेतावां सैं जीत जाय तो कोई बात बणै। देख्या कोन्या के कितणा हंगामा चाल र् या छीं।" शंका उठी तो साथ ही समाधान भी उठा-"अरै भाई, ये तो सब शांत हो जायंगा। पर सामनां वालों डिक्लीयर हो जाय तो कोई मजो आवै। अभी तो कोई मजो ही कोन्या आ र् यो। लाग ई कोन्या रह्यो कि चुनाव छीं।" चिंता वाजिब थी। पांच साल बाद चुनाव आते हैं, उनमें भी ये पार्टियां अपने टिकट देने में देरी करके लोगों के मजे में खलल डाल देती हैं। बहुत नाइंसाफी है। पास ही पतीली से खौलती चाय को सामने करीने से रखे गिलासों में छान रहे चायवाले ने बात को खत्म करने के लहजे से कहा-" अरै गुरु, थे क्यूं बावळा हो र् या छो। कोई भी जीतै थे तो ईं लोहा की स्टूल पर ही चाय पीओगा और पांच साल बाद भी सड़क पर बैठ्या गणित लगाता मिलौगा।" और इसी के साथ गंभीर राजनीतिक चर्चा ने मजाक का रूप ले लिया और आसपास का माहौल ठहाकों से गूंज उठा।*





पॉली क्लिक्स

### खेल के मैदान पर राजनीति का धुरंधर खिलाड़ी


राजनीति के धुरंधर खिलाड़ी डॉ. किरोड़ीलाल मीणा सवाई माधोपुर से बीजेपी के टिकट पर चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। चुनाव के साथ ही खेल मैदान में फुटबॉल खेलते हुए भाजपा प्रत्याशी।

पॉली टून




चुनावी इतिहास के झरोखे से


# मीणा जाति को ST में शामिल करने की शर्त पर छुट्टन ने लिया था नाम वापस



■ *गुलाब बत्रा*, *वरिष्ठ पत्रकार*
*gulabbatra@gmail.com*

राजस्थान के दौसा संसदीय क्षेत्र से प्रथम उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बाबू राजबहादुर की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मीणा समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल किए जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इसमें चौधरी कुम्भाराम आर्य सहित भरतपुर के राजनेता नत्थीसिंह और भीमसिंह का विशेष योगदान रहा।

इस कहानी की शुरुआत वर्ष 1952 के प्रथम आम चुनाव में भरतपुर लोकसभा क्षेत्र से पूर्व राजपरिवार के निर्दलीय प्रत्याशी गिरिराज शरण सिंह उर्फ राजा बच्चू सिंह के मुकाबले कांग्रेस के राजबहादुर की पराजय से हुई। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू संविधान सभा के सदस्य रहे राजबहादुर को लोकसभा में लाने के इच्छुक थे। इसके लिए सीट की तलाश हुई तो पता चला कि कांग्रेस नेता रामकरण जोशी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं। तब उनसे लोकसभा सीट से त्यागपत्र दिलवाया गया। उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी ने राजबहादुर को प्रत्याशी बनाया। वहीं कांग्रेस नेता कैप्टन छुट्टन लाल मीणा भी पार्टी से विद्रोह करके चुनाव मैदान में आ डटे। चूंकि दौसा क्षेत्र में मीना समुदाय के मतदाताओं की काफी संख्या थी। इसलिए छुट्टन लाल मीणा को मनाने के गंभीर प्रयास हुए।



भरतपुर के कांग्रेस नेता नत्थी सिंह और भीमसिंह ने कैप्टन छुट्टन लाल मीणा से मुलाकात की तो चुनाव मैदान से हटने के लिए उन्होंने एक अजीब शर्त रखी। यह शर्त थी मीना समुदाय को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल करने की थी। इस शर्त से कांग्रेस के बड़े नेताओं को अवगत कराया गया। कैप्टन छुट्टन लाल चौधरी कुम्भाराम आर्य के समर्थक थे। उनकी समझाइश कामयाब रही। कांग्रेस की ओर से उन्हें यह विश्वास दिलाया गया कि मीणा समुदाय को अनुसूचित जनजाति में सम्मिलित किया जाएगा छुट्टन लाल के मैदान से हटने से राजबहादुर आसानी से चुनाव जीत केन्द्र में उपमंत्री बने।

### झूठा राज्य पत्र देकर नहीं लड़ा चुनाव

नत्थीसिंह पर कांग्रेस नेताओं ने वह चुनाव लड़ने का दबाव बनाया, लेकिन वह 25 वर्ष की आयु की पात्रता नहीं रखते थे। उन्होंने झूठा राज्य पत्र देकर चुनाव लड़ने की बात नहीं मानी। लेकिन वर्ष 1957 के चुनाव में नत्थीसिंह को कांग्रेस ने भरतपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया। तब की राजनीतिक परिस्थितियों में काफी परिवर्तन आ गया था। जयनारायण व्यास के स्थान पर 13 नवम्बर 1954 को मोहनलाल सुखाड़िया मुख्यमंत्री बन चुके थे। इस पद के चुनाव में भरतपुर जिले के वरिष्ठ राजनेता राजबहादुर, व्यासजी और मास्टर आदित्येन्द्र सुखाड़िया के समर्थक थे। इससे कांग्रेस पार्टी में दो धड़े बन गए और भरतपुर जिले में भी दोनों नेता प्रतिद्वंदी बन गए।

### एक अफवाह ने बदला चुनाव का रुख

आज सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के चुनाव में टिकटों के बंटवारे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट गुट में कशमकश चर्चित हो रही है। वर्ष 1957 में भी ऐसा हुआ था। बकौल नत्थीसिंह तब विधानसभा के लिए 180 टिकट दिए जाने थे। जयनारायण व्यास के प्रभाव से सुखाड़िया के समर्थक दिग्गज नेता चौधरी कुम्भाराम एवं दामोदर लाल व्यास का टिकट काटते हुए केवल 72 टिकट दिए गए। सुखाड़िया गुट के सभी 72 प्रत्याशियों ने अपने टिकट वापस लेने का निर्णय किया। मास्टर आदित्येन्द्र के निर्देश पर नत्थीसिंह भी टिकट वापस करने वालों में सम्मिलित थे। चौधरी कुम्भाराम के अलावा दामोदर व्यास को टिकट देने पर सुखाड़िया गुट के सभी प्रत्याशी चुनाव में आ गए। तब नत्थी सिंह ने भी चुनाव लड़ा लेकिन पार्टी में उनके विरोधियों ने निर्दलीय प्रत्याशी खड़े करवाए। भरतपुर लोकसभा सीट से गिरिराजशरण सिंह उर्फ राजा बच्चूसिंह मुर्गा चुनाव चिन्ह से चुनाव लड़ रहे थे और उनका मुकाबला दो बैलों की जोड़ी वाले कांग्रेस प्रत्याशी राजबहादुर से था। राजा बच्चूसिंह ने विधानसभा चुनाव में नत्थीसिंह के मुकाबले खड़े होतीलाल पाराशर को मुर्गा चुनाव चिन्ह दिलवा दिया। मतदान के दौरान यह अफवाह उड़ाई गई कि कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर नत्थीसिंह को वोट देने से बच्चूसिंह के वोट कट रहे हैं। इसलिए दोनों जगह मुर्गा चुनाव चिन्ह पर मतदान किया जाए। इस अफवाह से मतदान का रुख बदल गया। खुद बच्चू सिंह लगभग दो हजार वोट से पराजित हुए वहीं नत्थी सिंह मात्र छह मतों से होतीलाल पारासर से चुनाव हार गए। बाद में उन्हें पता चला कि लगभग साठ वोटों की हेराफेरी की गई। चुनाव याचिका दायर की गई जिसमें 32 फर्जी वोट प्रमाणित हुए। इसके बावजूद चुनाव याचिका खारिज करवाई गई। नत्थीसिंह को इस बात का मलाल रहा कि कांग्रेस पार्टी में धुर विरोधी सुखाड़िया और राजबहादुर इस मामले में एक हो गए। जबकि सुखाड़िया गुट के टिकट कटने पर नत्थीसिंह उनके साथ रहे।



पदम जैन बिलाला
अध्यक्ष, श्री दिगंबर जैन मंदिर, जनकपुरी, ज्योति नगर, जयपुर

**पिच्छि परिवर्तन पर विशेष: पिच्छिका मोर पंख की ही क्यों?**

# जीव दया व संयम का उपकरणरूप है पिच्छिका

दिगंबर जैन साधु की पहचान मोर पंख की पिच्छी है। दीक्षा के समय आचार्य इस संयम के उपकरणरूप पिच्छिका को जीव दया पालन के लिए शिष्यों को देते हैं। पिच्छी मोर द्वारा छोड़े गए पंखों से निर्मित होती है। यह पिच्छि इतनी मुलायम होती है कि इससे किसी जीव को हानि नहीं पहुंचती। पिच्छि को प्रतिलेखन भी कहते है ।

### पिच्छि मोर पंख की ही क्यों

"प्राणियों में मोर ही अकेला एक ऐसा प्राणी है, जो ब्रह्मचर्य को धारण करता है। मोर जब प्रसन्न होता है तो वह अपने पंखों को फैला कर नाचते-नाचते मस्त हो जाता है और उस विशेष समय मोर की आंखों से आंसू गिरते हैं। मोरनी तत्काल इन आंसू को पीती है तथा इन आंसुओं से ही गर्भ धारण करती है। मोर में कही भी वासना का लेश भी नही होता है। कहते हैं कि जिसके जीवन में वासना नहीं होती, भगवान उसे शिरोधार्य कर लेते है ।"

### पिच्छि के गुण

**उपलब्ध लेखों में पिच्छि के पांच गुण बताए गए हैं :-**

- धूलि को ग्रहण नहीं करना,
- पसीने से मलिन नहीं होना,
- मृदुता,
- सुकुमारता और
- लघुता।

**आचार्य कुन्दकुन्द स्वामी कह रहे हैं:** "जो द्वीन्द्रिय आदि प्राणी सूक्ष्म हैं वे चर्म चक्षु से नहीं दिखते हैं। इसीलिए जीवदया के लिए पिच्छी धारण करना चाहिए। मलमूत्र विसर्जन करना, रात्रि में सोया हुआ साधु जब उठकर बैठता है और पुनः सोता है, करवट बदलता है, हाथ पैर फैलाता है, इत्यादि कार्यों में यदि पिच्छी से परिमार्जन किए बिना ये क्रियाएं करता है, तो नियम से जीव हिंसा होती है। नेत्र में घुमाने पर भी इससे पीड़ा ना होने से यह प्रतिलेखन सूक्ष्मत्वादि गुणयुक्त लघु पिच्छिका ग्रहण करना चाहिए। खड़े होने में, चलने आदि क्रियाओं में इस प्रतिलेखन से शोधन किया जाता है इसलिए स्वपक्ष में जैन मुनियों के चिह्न में यह एक विशेष चिह्न है।

*"साधु सामान्यतः वर्ष में एक बार अपनी पुरानी पिच्छि की जगह नई पिच्छि बदलते हैं। पिच्छिका परिवर्तन सामान्यतः चातुर्मास के समापन के समय किया जाता है।"*



### वंदन - अंजलि जोड़कर पिच्छि के साथ

मूलाचार, मूलाराधना, नीतिसार आदि प्राचीन दिगंबर जैन ग्रंथों के आधार पर दिगंबर मुनियों को मयूर पंख की पिच्छिका रखना सर्वथा अनिवार्य बताया गया है। जो साधु अपने पास पिच्छी नहीं रखते हैं उनके लिए शास्त्रों में प्रायश्चित का उल्लेख बताया गया है। साधु सामायिक, वंदना, भगवान व गुरुओं को नमस्कार आदि करते समय पिच्छिका सहित अंजलि जोड़कर ही वंदना करते हैं।

**पिच्छिका परिवर्तन:** साधु सामान्यतः वर्ष में एक बार अपनी पुरानी पिच्छि की जगह नयी पिच्छि बदलते हैं। पिच्छिका परिवर्तन सामान्यतः चातुर्मास के समापन के समय किया जाता है। यह उल्लेखनीय है की अपने अपने संघ के लिए संघ के सदस्य ही आपसी सहयोग से पिच्छिका तैयार करते हैं।

**पिच्छि किसको व किससे:** साधु की तप साधना में सहयोगी, आहार विहार में सहयोगी, व्रत उपवास तथा श्रावकाचार के नियमों को पालन करने वाले संयम का महत्व समझने वाले श्रेष्ठ श्रावक का चयन कर साधु उसको अपनी पुरानी पिच्छि प्रदान करते हैं। इसी प्रकार साधु को नई पिच्छि देने का सुअवसर भी ऐसे ही किसी सौभाग्यशाली श्रावक को मिलता है ।

संयम के उपकरण पिच्छि व कमंडल धारी, चलते फिरते परमेष्ठियों को मेरा शत शत नमन, शत शत वंदन ।

**एक बार फिर मंदी की गिरफ्त में बाजार**

# सपोर्ट की तलाश में भारतीय शेयर बाजार



विमल कोठारी
वरिष्ठ पत्रकार

भारतीय शेयर बाजार इस सप्ताह एक बार फिर मंदी की गिरफ्तर में हैं, सोमवार से भारतीय शेयर बाजारों में छाई मंदी गुरुवार तक लगातार जारी रही, हालांकि शुक्रवार को शेयर बाजार को कुछ सपोर्ट जरूर मिला, लेकिन यह गुरुवार को आई तुफानी गिरावट की रिकवरी भी नहीं कर सका। शुक्रवार को बाजार जो कुछ संभले उसे स्थाई रूप से गिरावट की रोकथाम नहीं कहा जा सकता, क्योंकि विशेषज्ञों का कहना है कि जिन कारणों से भारतीय बाजार में गिरावट का दौर आया था, वह कारण ना तो कमजोर हुए और ना ही समाप्त। ऐसे में वर्तमान समय में जरूरत भारतीय शेयर बाजारों को सपोर्ट की है, यदि सपोर्ट समय पर मिल जाता है तो बाजार में एक बार फिर सुधार का दौर देखने को मिल जाएगा, वरना अन्तरराष्ट्रीय कारणों से गिरावट तो तय ही नजर आ रही। भारतीय बाजारों में सपोर्ट की आस भारतीय कम्पनियों के घोषित होने वाले कार्य परिणामों से हैं। फिलहाल जो कार्य परिणाम दिग्गज कम्पनियों के आए हैं, उनमें कम्पनियों का प्रदर्शन सतही रहा है, अर्थात इनके दम पर बाजार को गति नहीं मिल सकती और अब जो आने वाले हैं, यदि वे बाजार की अपेक्षा से अधिक रहते हैं तो इसमें कोई संदेह नहीं कि इसका सकारात्मक असर भी बाजार पर पड़ेगा और बाजार की दशा और दिशा दोनों ही सुधर सकती है। तकनीकी स्तर पर देखा जाएं तो विशेषज्ञों का कहना है कि निफ्टी सूचकांक जब तक 19250 अंकों से नीचे हैं, तब तक बाजार में गिरावट की आशंका अधिक है और यह टूटते-टूटते 18800 से भी नीचे चला जाता है तो इसमें और गिरावट आएगी। बाजार में चल रही गिरावट को दीर्घावधि निवेश की दृष्टि से देखा जाएं तो यह एक बेहतर समय हैं, जिसमें निवेशकों को मजबूत समझी जाने वाली कम्पनियों में टूकड़ों में नया निवेश जरूर करना चाहिए। क्योंकि बाजार में जब भी सुधार का रुख रहेगा तेजी मजबूत कम्पनियों में सबसे पहले आएगी और इस समय किया गया यह निवेश निवेशकों के लिए दीपावली के उपहार के समान होगा।

*"भारतीय बाजार में चल रही गिरावट में विदेशी संस्थागत निवेशकों-एफआईआई की लगातार बिकवाली ने आग में घी का काम किया। अमेरीकी बाजार में बांड्स पर ब्याज दरों में रिकॉर्ड वृद्धि के कारण एफआईआई का रुझान वहां बढ़ा है। आंकड़ों की बात करें तो पिछले सप्ताह भी एफआईआई ने 13187.01 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।"*




पिछले सप्ताह की बात करें तो 27 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में बाजार में गिरावट का रुख रहा। भारतीय बाजार में चल रही गिरावट में विदेशी संस्थागत निवेशकों-एफआईआई की लगातार बिकवाली ने आग में घी का काम किया, अमेरीकी बाजार में बाण्ड्स पर ब्याज दरों में रिकॉर्ड वृद्धि के कारण एफआईआई का रुझान वहां बढ़ा है। आंकड़ों की बात करें तो पिछले सप्ताह भी एफआईआई ने 13187.01 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे। एफआईआई अब तक भारतीय बाजारों में इस माह 26598.73 करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री कर चुकी है, हालांकि इसका जवाब भारतीय संस्थागत निवेशक-डीआईआई दे रहे हैं, पिछले सप्ताह डीआईआई ने 11553.34 करोड़ रुपए के शेयरों की खरीद की है, जबकि इस माह डीआईआई 23437.14 करोड़ रुपए के शेयरों का कुल निवेश कर चुकी है। आंकड़ों के अनुसार पिछले सप्ताह बीएसई सूचकांक में 1642.07 अंक अर्थात 2.47 फीसदी का गौता लगाया और बीएसई सूचकांक 65397.62 अंक से घटकर 63728.80 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई सूचकांक में 195.40 अंक अर्थात 2.53 फीसदी की गिरावट रही और एनएसई निफ्टी सूचकांक 19542.65 अंक से घटकर 19047.25 अंक पर बंद हुआ। उधर, बीएसई मिडकैप सूचकांक में पिछले सप्ताह 2.41 फीसदी की मंदी रही, जबकि बीएसई स्कालकैप में 3.43 फीसदी की गिरावट का रुख देखा गया है। एनएसई मिडकैप-100 सूचकांक में भी पिछले सप्ताह 2.95 फीसदी की व एनएसई स्कालकैप-100 सूचकांक में 2.23 फीसदी की गिरावट रही है। शनिवार को बंद हुए अमरीकी बाजारों की बात करें तो यहां अभी भी गिरावट का रुख जारी है, जिसे भारतीय बाजारों की सोमवार को होने वाली शुरुआत के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता है। उधर, बुलियन बाजार की बात करें तो शेयर बाजार में गिरावट व अन्तरराष्ट्रीय माहौल में तनाव का असर सोने-चांदी पर पड़ रहा है। जयपुर में इस सप्ताह सोने के दामों में 550 रुपए दस ग्राम की तेजी के साथ यह शनिवार को 62,900 हजार रुपए प्रति दस ग्राम जबकि चांदी 1150 रुपए की गिरावट के साथ 73,450 रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई। बुलियन कारोबारियों का कहना है कि सीजन में होने वाली खरीद की संभावनाओं और आगामी शादियों के सीजन के कारण सोने व चांदी के भावों में अब और सुधार की संभावनाएं अधिक है।

इस सप्ताह में बाजार के रुख के बारे में कारोबारियों का कहना है कि भारतीय बाजारों में अनिश्चितता का माहौल अभी समाप्त होता नजर नहीं आ रहा, ऐसे में नए निवेश के लिए निवेशकों को बाजार सेंटीमेंट में सुधार की प्रतीक्षा करनी चाहिए। यदि बाजार में फिर भी थोड़ा सुधार आता है तो यह आने वाले समय में मंदी का संकेत होगा, ऐसे में निवेशकों को सतर्कता बरतनी चाहिए। कारोबारियों का मानना है कि वर्तमान समय, नया निवेश करने का नहीं है। यह भी आंकलन किया जा रहा है कि बाजार में अच्छे भावों पर चल रही कुछ कम्पनियों का प्राइस अर्निंग रेश्यो-पीई काफी अधिक है, जो इन कम्पनियों के लिए खतरे का संकेत भी है। कम्पनियों के छमाही नतीजों की घोषणाएं हो रही है, जिस कम्पनी में निवेश करना पसंद हो, निवेशकों को उसके कार्य परिणाम पहले देखने चाहिए। शेयर बाजार में आगामी तेजी से पहले सेंटीमेंट में सुधार होना जरूरी है। शेयर विशेष की बात करें तो कारोबारी दीर्घावधि के लिए मेग प्लस, जेएसडब्ल्यू इन्फ्रा, बी-बॉक्स, नेस्ले, जैन इरिगेशन आदि को सुरक्षित मानते हैं। लेकिन यदि बाजार में सेंटीमेंट वीक रहेंगे तो अच्छे कहे जाने वाले शेयरों में भी गिरावट का रुख रह सकता है। इस सप्ताह शुरू होने वाले आईपीओ की बात करें तो निवेशकों के लिए मेन बोर्ड में दो नए आईपीओ, सेलो वर्ल्ड और हंसा कंज्यूमर्स लिमिटेड के खुलेंगे। इसी तरह एसएमई प्लेटफार्म पर निवेशकों के लिए 7 आईपीओ इस सप्ताह आवेदन करने को उपलब्ध रहेंगे। निसंदेह आईपीओ जारी करने वाली कम्पनियों की ओर से भारी भरकम प्रीमियम की वसूली के बावजूद आईपीओ में शेयर आवंटित होने वाले निवेशकों को अब तक लाभ ही हुआ है, लेकिन फिर भी निवेशकों को आईपीओ में निवेश से पूर्व कम्पनी के वित्तीय कार्य परिणामों और मांगे जाने वाले प्रीमियम के आधार पर जोखिम का आंकलन करने के बाद ही निवेश का निर्णय करना चाहिए। सेबी के पास आने वाले नए आईपीओ आवेदनों की बात करें तो इस सप्ताह कोई नया ड्राफ्ट हेरिंग प्रोस्पेक्टस-डीआरएचपी पेश नहीं हुआ है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# आजा मेरे छाते में



गोविंद सेन
व्यंग्यकार

दुनिया में दो ही बड़े छाते हैं। सूरज का छाता और चाँद का छाता। दोनों ही एक-दूसरे के विरोधी हैं। वे लोगों को अपने छाते में लाना चाहते हैं। उनका हाथ पकड़ कर अपने छाते में लाने की पुरजोर कोशिश करते हैं। लोग हाथ छुड़ाते हैं लेकिन वे फिर हाथ पकड़ लेते हैं।

लोगों को लुभाने की एक से बढ़कर एक योजनाएँ दोनों के पास हैं। सूरज कहता है कि हमारे छाते में आपको अच्छे दिन मिलेंगे। सर्दी में गुनगुनी धूप मिलेगी। गर्मी में गहरी छाँव मिलेगी। हमारे छाते में छप्पन छतरियाँ हैं समझे। चाँद छाते वालों के पास अँधेरे के सिवा कुछ नहीं है।

उधर चाँद छाते वाला कहता है कि उसके छाते में भूलकर भी मत जाना। वह बहुत झूठा है। गुनगुनी धूप का कहेगा और तुम्हारे पाँवों के नीचे अंगारे बिछा देगा। गर्मी में वह तुम्हें रेगिस्तान में छोड़ देगा जहाँ एक पेड़ भी नहीं मिलेगा। तुम्हें पानी का सपना दिखाकर पानी के लिए लड़वा देगा। तलवार देकर एक-दूसरे के सर कटवा देगा।

वह सिर्फ छाँव का छल ही देगा। असली छाँव हमीं देंगे। सुहानी चाँदनी रातें हमीं देंगे। अमावस में सुहानी चाँदनी रातों का प्रबंध होगा। हम तुम्हारे पाँव में फूल बिछायेंगे। अब की बार हमारे छाते में आकर तो देखो। आपका जीवन बदल देंगे।

लेकिन वह तो कहता है कि हमें रेवड़ी देगा। चूसने के लिए लालीपॉप देगा। चाँद छाते वाला हँसा। उस झूठे के चक्कर में मत आना भोले प्राणी। पहले भी कहा था कि हम ये देंगे, वो देंगे। दिया कुछ ?

रेवड़ी हमीं देंगे। वह तो रेवड़ी का विरोध करता है। रेवड़ी-विरोधी है। वह रेवड़ी केवल अपने मित्रों को ही देगा। उनकी झोली में पूरा रेवड़ी-बैंक ही डाल देगा। वह तो पहले एक मामूली छतरी ही था। यह इतना बड़ा छाता बना, सब उसके मित्रों की ही तो देन है। ये लेने-देने का सीधा मामला है। हाँ, तुम्हें लुभाने-समझाने के लिए तुम्हारी जेब में एक-दो रेवड़ी डाल देगा। हाथ में एक घटिया लालीपॉप पलड़ा देगा। तुम सालों तक उस स्वादरहित लालीपॉप को चूसते रहना। असली रेवड़ी हम ही देंगे। असली लालीपॉप हम ही देंगे।

वह हमारे धर्म की रक्षा करेगा। चाँद छाते वाला फिर हँसा। वह सिर्फ सपना दिखाता है। उसका कोई धर्म नहीं है। वह तो अपने छाते के नीचे आने वालों की संख्या बढ़ा रहा है बस। हाथी के दांत खाने के अलग होते हैं दिखाने के लिए अलग। वह केवल अपनी रक्षा चाहता है। समय आने पर तुम्हें चींटियों की तरह मसलने में संकोच नहीं करेगा भोले प्राणी। मुगालते में मत रह।

हमारे छाते में आजा भोले। हमारे छाते में भी पैंतीस छतरियाँ हैं। वो एक रेवड़ी देंगे तो हम तुम्हें दो रेवडी देंगे वह भी असली। हम भी बड़ा लालीपॉप देंगे जिसे तुम पांच साल तक मजे से चूसते रहना। धोखा नहीं करेंगे। आप छाता तो बदलकर देखो। आपका जीवन बदल देंगे। सूरज वाला तो ढोंगी है। वह सिर्फ झूठा ही नहीं, परम झूठा है।

भोला बीच रास्ते में हैं। दिग्भ्रमित है। किस एक रास्ते को वह चुने! वह असमंजस में है कि सफ़ेद छाते में जाए कि काले छाते में जाए। किसी एक छाते में तो उसे जाना ही है ।

'किस छाते में जाऊँ असमंजस में है भोलाभाला/ किस पथ पर मैं कदम बढ़ाऊँ/ कौन मुझे नहीं धोखा देगा, कौन नहीं ठगने वाला/ कौन मुझे पैसा देगा, कौन पिलाएगा हाला/ कौन मुझे दुःख देगा आखिर, कौन देगा सुख का प्याला/ कौन प्रेम पुष्प बरसाएगा, कौन नफ़रत की ज्वाला/ मुझे बता दे कोई तो, खोले अक्ल का कोई ताला/ किसे भूल जाऊँ मैं आखिर, किसकी जपने लगूँ माला।'

**नॉलेज कॉर्नर: नीम के पेड़ में होते है कई औषधीय गुण**

# बीमारियों को ठीक करने में सहायक हैं नीम

हमारे आस -पास और घर में ऐसे कई पेड़ पौधे होते हैं जिनके औषधीय गुणों के बारे में अधिक जानकारी नहीं रखते हैं। घर में पाए जाने वाले पौधों के गुणों के बारे में जानकारी नहीं होने से हम उनका सही उपयोग नहीं कर पाते हैं। अपने घरो में ऐसे कई छोटे पेड़ पौधे होते हैं जिनमें औषधीय गुणों की भरमार होती हैं। हम बात कर रहे हैं नीम के पौधे की। भारत में अधिकतर घरों और उनके आस-पास में नीम के पेड़ बहुत मिल जाते हैं। आइए हम आज के नॉलेज कॉर्नर में नीम के औषधीय गुणों और उसके उपयोग के बारे में अधिक जानकारी पढ़ते हैं।

### भारतीय मूल का है नीम वृक्ष

आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से नीम को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। नीम के पत्तों का सुबह खाली पेट नियमित सेवन किया जाए तो शरीर की आधी बीमारियां ठीक हो जाती है। नीम भारतीय मूल का एक पर्णपाती वृक्ष है। यह सदियों से समीपवर्ती देशों- पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, म्यानमार (बर्मा), थाईलैंड, इंडोनेशिया, श्रीलंका आदि देशों में पाया जाता रहा है, लेकिन विगत लगभग डेढ़ सौ वर्षों में यह वृक्ष भारतीय उपमहाद्वीप की भौगोलिक सीमा को लांघ कर अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण पूर्व



एशिया, दक्षिण एवं मध्य अमेरिका तथा दक्षिणी प्रशांत द्वीप समूह के अनेक उष्ण और उप-उष्णकटिबंधीय देशों में भी पहुंच चुका है। इसका वानस्पतिक नाम एजाडिरेक्टा इंडिका है। नीम का वानस्पतिक नाम इसके संस्कृत भाषा के निंब से व्युत्पन्न है।

### नियमित सेवन के ये हैं फायदे

नीम के पत्तों को सुबह खाली पेट खाने से ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। नीम में ऐसे औषधीय गुण होते हैं जो शरीर के रक्त को पूरी तरह साफ कर देते हैं। यह खून में से टॉक्सिन को बाहर निकाल कर ब्लड को डिटॉक्स कर देता है। नीम सिर्फ त्वचा के लिए नहीं बल्कि पेट के लिए भी बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद गुण एसिडिटी में बेहद उपयोगी होते हैं और सुबह खाली पेट पानी में नीम की पत्तियां उबालकर पीने से एसिडिटी और पेट दर्द सब दूर हो जाता है। नीम की पत्तियों में अनेक प्रकार के विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो हमारी इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद करते हैं। सर्दी जुखाम जैसे बीमारियों को दूर करने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है।

### ऐसे करें नीम के पत्तों का सेवन

*आमतौर पर नीम की पत्तियों का पेस्ट बनाकर, उससे निकलने वाले रस का सेवन किया जाता है। हमेशा ताजी नीम की पत्तियों के रस का सेवन करें। आप चाहे तो नीम की पत्तियों को तवे पर सूखा भूनकर, हाथों से मसल कर इसमें लहसुन और सरसों का तेल मिला सकते हैं और चावल के साथ इसका सेवन कर सकते हैं। हमेशा कम मात्रा में ही इसका सेवन करें। यदि आपको बीमारी है तो सेवन से पहले डॉक्टर से बात जरूर करें।*

कंटेंट: श्रवण भाटी



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए कांग्रेस सरकार के 5 सबसे बेहतरीन काम, जिन्होंने उन्हें भारत में सबसे खुशहाल बनाया।

**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
राजस्थान के बच्चे दुनिया के साथ कदमताल मिलाकर चल सकें। इसके लिए आपके बच्चों को इंग्लिश मीडियम पढ़ाना हमारी गारंटी है।



## तेलंगाना की चुनाव परिक्रमा: चरणबद्ध तरीके से बढ़ेगी सामाजिक पेंशन व रायथु बंधु के लिए राशि

# BRS कर्ण के कवच की तरह, तेलंगाना के हितों की करेगी रक्षा: KCR

**एजेंसी** | कोडदा (तेलंगाना)

भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने अविभाजित आंध्र प्रदेश में अपने कार्यकाल के दौरान कुछ सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण के दौरान कभी भी तेलंगाना के हितों की रक्षा नहीं की, लेकिन बीआरएस कर्ण के कवच की तरह राज्य की रक्षा करेगी।



राव राज्य में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए यहां आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे थे। बीआरएस के घोषणापत्र में किए गए वादों के बारे में राव ने कहा कि सामाजिक पेंशन और रायथु बंधु के लिए राशि चरणबद्ध तरीके से बढ़ाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना सूखे और लोगों के पलायन का गवाह था, लेकिन अब यहां शांति और स्थिरता के कारण विकास दिखता है। राव ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा तेलंगाना में किसानों को पांच घंटे मुफ्त बिजली दिए जाने की बात कर रहे हैं, जबकि बीआरएस सरकार किसानों को 24 घंटे मुफ्त बिजली देती है। उन्होंने कहा, बीआरएस का जन्म तेलंगाना राज्य, इसके विकास और तेलंगाना के लोगों और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हुआ था।

### प्रति व्यक्ति आय में तेलंगाना नंबर एक

राव ने कहा कि तेलंगाना प्रति व्यक्ति आय और प्रति व्यक्ति बिजली खपत में नंबर एक है। पहले प्रति व्यक्ति बिजली खपत 1100 यूनिट होती थी, जो अब दुगुनी होकर अब 2,200 यूनिट हो गई है। कांग्रेस का नाम लिए बिना उन्होंने आरोप लगाया कि पहले मुसलमानों और दलितों को वोट बैंक समझा जाता था।

## कांग्रेस तेलंगाना में छह गारंटी लागू करेगी: मल्लिकार्जुन खरगे

**हैदराबाद।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आश्वासन दिया कि यदि पार्टी तेलंगाना की सत्ता में आती है तो वह राज्य में अपनी छह गारंटी लागू करेगी। उन्होंने सवाल किया कि तेलंगाना में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली सरकार में किसे फायदा हुआ? खरगे ने संगारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए तेलंगाना में कांग्रेस द्वारा घोषित छह चुनावी गारंटी पर प्रकाश डाला और लोगों से राज्य में कांग्रेस को चुनने का आग्रह किया। उन्होंने 'केसीआर' के नाम से जाने जाने वाले तेलंगाना के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए, केसीआर जी जो चाहते थे, करते



रहे और खरगे ने पूछा कि इससे किसे फायदा हुआ? उन्होंने कहा, क्या छात्रों, महिलाओं और किसानों को फायदा हुआ? इसीलिए कांग्रेस पार्टी आपको छह गारंटी दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक के लोगों से किए गए वादे पूरे किए हैं। उन्होंने कहा, हम जो वादे करते हैं उन्हें पूरा करते हैं, लेकिन वे केवल वोट के लिए वादा करते हैं और फिर चले जाते हैं। खरगे ने कहा कि कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी बीआरएस नेताओं को कर्नाटक ले जाएंगे और उन्हें वादों के कार्यान्वयन के बारे में बताएंगे। खरगे ने बीआरएस और भाजपा के बीच मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा और पीएम मोदी सवाल करते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया? और उनकी 'बी' टीम बीआरएस भी यही बात कह रही है। मुझे लगता है कि दोनों के बीच एक गुप्त समझौता है ।

### भाजपा इंडिया की बढ़ती ताकत से चिंतित: योगेंद्र



**ठाणे।** स्वराज इंडिया के नेता योगेन्द्र यादव ने दावा किया है कि भाजपा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा को इसीलिए बढ़ाना चाहती है क्योंकि वह राज्य विधानसभा चुनावों में अपने प्रदर्शन से डरी हुई है।महाराष्ट्र के ठाणे शहर में शनिवार रात एक कार्यक्रम के दौरान यादव ने दावा किया कि यह अवधारणा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव, एक पार्टी और एक नेता' को बढ़ावा देने के अलावा और कुछ नहीं है। यादव ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव अगले 50 वर्षों के लिए देश की दिशा तय करेगा, इसलिए अगले साल होने वाले चुनाव देश के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यादव ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की ताकत दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और भाजपा इससे चिंतित है।

### शाक्य गुना व टंडन विदिशा से भाजपा प्रत्याशी

**भोपाल।** भाजपा ने रविवार को मध्य प्रदेश की गुना और विदिशा विधानसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। इसके साथ ही सत्तारूढ़ भाजपा ने राज्य की सभी 230 विधानसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने गुना से पन्नालाल शाक्य और विदिशा विधानसभा सीट से मुकेश टंडन को मैदान में उतारा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, टंडन को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का करीबी माना जाता है। शाक्य 2013 में गुना सीट से भाजपा के टिकट पर चुने गए थे। टंडन 2018 के विधानसभा चुनाव में विदिशा से कांग्रेस उम्मीदवार शशांक भार्गव से हार गए थे।

## मध्य प्रदेश: उज्जैन की रैली में गरजे गृहमंत्री अमित शाह


# भाजपा ने बीमारू मध्य प्रदेश में विकास सुनिश्चित किया

**एजेंसी** | उज्जैन (मध्य प्रदेश)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि कांग्रेस के शासन में मध्य प्रदेश एक बीमारू राज्य था लेकिन भाजपा ने सुशासन के माध्यम से सभी क्षेत्रों में विकास सुनिश्चित किया। शाह ने मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनावों के मद्देनजर पार्टी के प्रचार अभियान के तहत राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन उन्होंने उज्जैन में एक रैली को संबोधित किया।

उन्होंने कहा, मैं दुनिया में देश को नंबर एक बनाने और लोगों की सुरक्षा व कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों को मजबूत बनाने के लिए आपसे कमल चिह्न के लिए वोट करने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण दशकों से रुका हुआ था लेकिन मोदी ने भाजपा के शासनकाल में मंदिर की आधारशिला रखी। 22 जनवरी को राम लला भव्य मंदिर में विराजेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने दशकों पहले कांग्रेस शासित मध्य प्रदेश में सड़कों की दयनीय स्थिति को याद किया।

उन्होंने कहा, कुछ वर्ष पहले मैं अक्सर गुजरात के दाहोद से उज्जैन में स्थित महाकाल मंदिर दर्शन के लिए जाया करता था। और मुझे मालूम हो जाता था कि हमारी गाड़ी मध्य प्रदेश में प्रवेश कर चुकी है क्योंकि सड़कों पर गड्ढों की वजह से मैं जाग जाया करता था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासनकाल में मध्य प्रदेश एक बीमारू राज्य था लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य का हर गली-नुक्कड़ विकास की गतिविधियों से पटा पड़ा है।



### कमलनाथ को शाह की चुनौती

अमित शाह ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि बाबा महाकाल की भूमि पर कमलनाथ को चुनौती देकर जाता हूं... सोनिया गांधी-डॉ.मनमोहन सिंह के 10 साल और नरेन्द्र मोदी के 9 साल में किसने मध्य प्रदेश का विकास किया? इसकी चर्चा करना है तो जगह तय कर लो, हमारे युवा मोर्चा का कार्यकर्ता आपको जवाब दे देगा।

### सोच में खोट के कारण संकट से जूझ रहीं हैं कांग्रेस की राज्य सरकारें: राजनाथ सिंह

**इंदौर।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दावा किया कि सोच में खोट के कारण राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में कांग्रेस की सरकारें संकट से जूझ रही हैं तथा इन सरकारों के खजाने में अपने कर्मचारियों को वेतन देने तक की राशि तक नहीं है। सिंह, मौजूदा मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में इंदौर-1 सीट से भाजपा उम्मीदवार कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद आयोजित सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में कांग्रेस के राज में सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने का संकट पैदा हो गया है। सिंह ने सवाल किया कि संसद में 50 साल तक स्पष्ट बहुमत होने के बाद भी कांग्रेस की सरकारें महिला आरक्षण विधेयक क्यों पारित नहीं करा सकीं? उन्होंने कहा,56 इंच के सीने वाले प्रधानमंत्री ने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसद आरक्षण मुहैया करा दिया।

### भाजपा जबलपुर शहर प्रमुख का इस्तीफा

**जबलपुर।** चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में भाजपा की जबलपुर शहर इकाई के प्रमुख ने अपने स्थानीय कार्यालय में 21 अक्टूबर को हुई घटना को लेकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रमुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के करीबी माने जाने वाले ओबीसी नेता साहू ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने रविवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को अपना इस्तीफा सौंप दिया। जबलपुर जिले की उत्तर मध्य सीट से टिकट नहीं मिलने पर एक भाजपा नेता के समर्थकों ने केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से धक्का-मुक्की की थी।

## सिद्धारमैया ने दो टूक कहा...

# कैबिनेट में फेरबदल का फैसला सिर्फ आलाकमान करेगा

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंत्रिमंडल में फेरबदल की किसी भी संभावना से इनकार करते हुए रविवार को कहा कि ऐसे फैसले कांग्रेस आलाकमान द्वारा लिएजाते हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि ऐसी बातें अनुचित हैं। नए चेहरों को मौका देने के लिए 20 महीने के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल की कांग्रेस विधायकों की मांग के बारे में एक सवाल पर मुख्यमंत्री ने आश्चर्य जताया कि क्या सभी विधायकों की यही मांग है। उन्होंने कहा, ये सब बेमतलब की बातें हैं। पार्टी आलाकमान इस संबंध में फैसला करेगा, न कि विधायक।

**मौका मिलने पर ही प्रतिभा सामने आती है:** मुख्यमंत्री ने कहा, हमने विभिन्न जातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति जानने के लिए जाति गणना करवाई थी, लेकिन सरकारों को रिपोर्ट नहीं सौंपी गई। उन्होंने कहा कि कोई भी जन्मजात प्रतिभाशाली नहीं होता है।



### जाति जनगणना रिपोर्ट स्वीकार करेगी

सिद्धारमैया ने कहा कि उनकी सरकार इस साल नवंबर या दिसंबर में जातिगत गणना रिपोर्ट स्वीकार कर लेगी। रिपोर्ट मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी और इस पर चर्चा के बाद हम अगला कदम उठाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके पिछले कार्यकाल के दौरान, आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष एच. कंथाराज ने सर्वेक्षण किया था, जिसे तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों एच.डी. कुमारस्वामी, बी.एस. येदियुरप्पा और बसवराज बोम्मई ने स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने देश में पहली बार जाति गणना करवाई थी।

## दिग्विजय सिंह ने मतदाताओं को किया आगाह...

# मप्र में सिर्फ दो दल, छोटे दलों के जाल में न फंसें

**एजेंसी** | भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने रविवार को कहा कि मध्य प्रदेश में केवल दो दल हैं और मतदाताओं को ऐसे छोटे दलों के जाल में नहीं फंसना चाहिए, जो राज्य में सरकार नहीं बनाने जा रहे।

सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक वीडियो बयान में कहा, मध्य प्रदेश में केवल दो दल हैं। या तो कांग्रेस या भाजपा सरकार बनाएगी। छोटे दल (राज्य में) सरकार नहीं बनाने जा रहे हैं। इसलिए, मैं सभी मतदाताओं से अनुरोध करता हूं कि वे उनके जाल में न फंसें। भाजपा और कांग्रेस के अलावा, राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ने वाले अन्य दलों में आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) शामिल हैं। पिछले चुनाव में सपा, बसपा और जीजीपी ने भी सीटें जीती थीं।



### कमलनाथ के साथ 'मतभेद' से इनकार

सिंह ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के साथ किसी भी प्रकार के मतभेद से इनकार किया और दावा किया कि इस प्रकार की बात सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा किया जा रहा दुष्प्रचार है। सिंह ने कहा कि कई समाचारपत्रों में दावा किया गया है कि उन्होंने झाबुआ और खातेगांव की अपनी यात्रा अप्रसन्न होने की वजह रद्द कर दी। उन्होंने कहा, झाबुआ और खातेगांव का दौरा इसलिए रद्द कर दिया क्योंकि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव संगठनात्मक और चुनावी महत्व के कुछ मुद्दों पर चर्चा करना चाहते थे।

### सुरजेवाला ने की थी जय-वीरू से तुलना

कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने शनिवार को कमलनाथ और वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की तुलना अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र से की, जिन्होंने लोकप्रिय फिल्म शोले में क्रमश: जय और वीरू की भूमिकाएं निभाई थीं।

### चुनाव प्रचार



*सिहोर। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को सिहोर जिले में चुनाव प्रचार के दौरान राज्य के सीएम शिवराज सिंह चौहान व उनकी पत्नी साधना सिंह।*

**छत्तीसगढ़ की चुनावी डायरी**

# कांग्रेस की सरकार बनी तो गरीबों को 10 लाख तक का इलाज मुफ्त

**एजेंसी** | रायपुर/ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों को लेकर रविवार को सियासी तापमान खूब बढ़ा। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को राज्य के चुनावी दौरे पर थे। दोनों नेताओं ने एक दूसरी पार्टी पर जमकर सियासी हमले किए।

राहुल गांधी ने राज्य के अपने दौरे के दूसरे दिन रविवार को राजनांदगांव जिला मुख्यालय पर एक चुनावी रैली को संबोधित किया। दूसरी ओर भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने रायपुर विधानसभा क्षेत्र और डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की सभाओं को संबोधित किया। राहुल ने राजनांदगांव में चुनावी रैली में लोगों से वादा किया कि यदि राज्य में फिर से कांग्रेस की सरकार बनती है, तो स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीब वर्ग के लोगों को 10 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर कृषि मजदूरों को सात हजार रुपए के बजाय 10 हजार रुपए प्रतिवर्ष दिए जाएंगे। कांग्रेस की सरकार गरीबों, मजदूरों, किसानों, पिछड़ों, आदिवासियों और दलितों की सरकार है।



### राहुल: 2 दिन... 4 बड़े वादे

- 1-गरीबों को 10 लाख तक का इलाज मुफ्त
- 2-कृषि मजदूरों को सात हजार रुपए के बजाय 10 हजार रुपए प्रतिवर्ष दिए जाएंगे
- 3-सरकारी स्कूल-कॉलेजों में मुफ्त शिक्षा
- 4-तेंदु पत्ता संग्राहकों को प्रति वर्ष 4,000 रुपए दिए जाएंगे

## छत्तीसगढ़ पांच साल से 'ग्रहण' के अधीन, इसे हटाना है: नड्डा

**डोंगरगढ़ (छत्तीसगढ़)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य पांच साल से 'ग्रहण' के अधीन है और अब इसे हटाने का समय आ गया है।

उन्होंने राज्य में कथित भ्रष्टाचार को लेकर भी भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस को राज्य में सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं है। नड्डा ने रविवार को राज्य के दौरे के दौरान डोंगरगढ़ तथा रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव रैली को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। डोंगरगढ़ उन 20 विधानसभा क्षेत्रों में से एक है, जहां चुनाव के पहले चरण में सात नवंबर को मतदान होगा। रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र राज्य की उन 70 सीटों में शामिल है जहां पर दूसरे चरण में 17 नवंबर को मतदान होगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने-अपने बूथ के प्रत्येक घर में जाएं और लोगों को अगले महीने होने वाले चुनाव में वोट डालने के लिए प्रेरित करें। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस जनता के कल्याण की नहीं बल्कि हमेशा अपने या अपने परिवार के कल्याण के बारे में सोचती है। लोगों को यह तय करना होगा कि वे ऐसी सरकार चुनना चाहते हैं जो खुद की सेवा करती हो या वह जो लोगों की सेवा करती हो।

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस द्वारा विकास के लिए रखी गई एक भी ईंट या पत्थर नहीं है।



### जरूरी खबर

## शर्मिला टैगोर को 'इम्तियाज-ए-जामिया' से नवाजा



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को रविवार को जामिया मिलिया इस्लामिया के सर्वोच्च सम्मान 'इम्तियाज-ए-जामिया' से नवाजा गया। यह समाज की बेहतरी में योगदान देने वाले भारतीयों को दिया जाता है। जामिया की कुलपति नजमा अख्तर ने विश्वविद्यालय के 103वें स्थापना दिवस पर टैगोर को यह पुरस्कार प्रदान किया। उन्हें हिंदी सिनेमा में उनके योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई टैगोर ने कहा, जिस क्षण से मैंने विश्वविद्यालय में प्रवेश किया, यह मेरे लिए भावनात्मक रहा। मेरा काम 60 वर्षों से लोगों की नजरों में दिखाई देता है और लोगों ने मेरे प्रति जो दयालुता दिखाई है, उसे देखकर दिल खुश हो जाता है।

## पंजाब में सीमा के पास दो चीनी ड्रोन बरामद



**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर और तरनतारन जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अलग-अलग स्थानों से दो ड्रोन बरामद किये गए। सीमा सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर बीएसएफ ने रविवार को अमृतसर के दाओके गांव के पास खोजबीन अभियान चलाया। इस दौरान बीएसएफ जवानों ने एक खेत से एक चीनी ड्रोन बरामद किया। इससे पहले तरनतारन के ढोलन गांव में शनिवार शाम बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में एक और ड्रोन बरामद किया।

## NPS से निकासी के लिए 'पेनी ड्रॉप' सत्यापन अनिवार्य

**नई दिल्ली।** पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत धन निकासी को अंशधारकों के लिए 'पेनी ड्रॉप' सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। इससे अंशधारकों के पैसे का समय पर हस्तांतरण सुनिश्चित होगा।'पेनी ड्रॉप' प्रक्रिया के तहत, रिकॉर्ड रखने वाली केंद्रीय एजेंसियां बैंक बचत खाते की सक्रिय स्थिति देखती हैं और बैंक खाता संख्या और 'प्राण' (स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या) या दाखिल किए गए दस्तावेजों में दिए गए नाम का मिलान करती हैं।

## आस्था का उजास: रोशनी में नहाया स्वर्ण मंदिर



*अमृतसर। सिख गुरु राम दास के प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर रविवार को रोशनी मे नहाया अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर। पंजाब में गुरु रामदास के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन समेत विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं।*

## भारत-कजाखस्तान 13 दिवसीय सैन्य अभ्यास करेंगे



**नई दिल्ली।** भारत और कजाखस्तान सोमवार से ओटार के कजाख सैन्य अड्डे पर 13 दिवसीय युद्धाभ्यास शुरू करेंगे, जिसका उद्देश्य आतंकवाद-रोधी सहयोग बढ़ाना है। 'काजिंद-2023' सैन्य अभ्यास के सातवें संस्करण में भाग लेने के लिए थलसेना और वायुसेना के 120 कर्मियों का भारतीय दल रविवार को कजाखस्तान के लिए रवाना हो गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा, अभ्यास के इस संस्करण में दोनों पक्ष संयुक्त राष्ट्र के प्रावधान के तहत गैर-परंपरागत माहौल में आतंकवाद-रोधी अभियानों के संचालन का अभ्यास करेंगे। दोनों पक्ष खोजबीन और नष्ट करने के अभियान, छोटी टीम के अभियान आदि समेत विभिन्न सामरिक अभ्यास करेंगे। इस संयुक्त प्रशिक्षण से उपनगरीय और शहरी परिवेश में सैन्य अभियान के लिए आवश्यक कौशल और समन्वय विकसित होगा। भारतीय सेना के दल में डोगरा रेजिमेंट की एक बटालियन के नेतृत्व में 90 जवान शामिल हैं।

### मन की बात में पीएम मोदी ने कही कई अहम बातें

# सरदार पटेल की जयंती पर होगी 'मेरा युवा भारत' की शुरुआत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर 'मेरा युवा भारत' नामक एक संगठन की नींव रखे जाने की घोषणा की, जो राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न आयोजनों में देश के युवाओं को सक्रिय भागीदारी करने का अवसर देगा। पीएम मोदी ने आकाशवाणी पर रविवार को प्रसारित मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 106वीं कड़ी में देशवासियों से अपने विचार साझा करते हुए यह घोषणा की।

उन्होंने कहा कि वह 'मन की बात' के जरिए देशवासियों, विशेषकर उन युवाओं के लिए एक खुशखबरी साझा कर रहे हैं, जिनके दिलों में भारत के लिए कुछ करने का जज्बा, सपने और संकल्प हैं। मेरे नौजवान साथियों आपके लिए विशेष है। दो दिन बाद ही 31 अक्टूबर को एक बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन की नींव रखी जा रही है और वो भी सरदार साहब की जयंती के दिन। इस संगठन का नाम है 'मेरा युवा भारत' यानी 'माई भारत संगठन।' यह संगठन भारत के युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर देगा। यह विकसित भारत के निर्माण में भारत की युवा शक्ति को एकजुट करने का एक अनोखा प्रयास है।



### तमिल लेखक के कार्य को सराहा

मोदी ने तमिल लेखक शिव शंकरी का जिक्र किया, जिन्होंने साहित्य से देश को धागे में पिरोने और जोड़ने की एक परियोजना को आकार दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, शंकरी 16 वर्षों से इस परियोजना पर काम कर रही हैं और उन्होंने 18 भारतीय भाषाओं में लिखे साहित्य का अनुवाद किया है। उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक और इंफाल से जैसलमेर तक देशभर में यात्राएं कीं, ताकि अलग-अलग राज्यों के लेखकों और कवियों का साक्षात्कार ले सकें। शंकरी ने अपनी यात्रा की कमेंट्री तमिल और अंग्रेजी, दोनों भाषाओं में प्रकाशित की है। मुझे उनकी इस संकल्प शक्ति पर गर्व है।

### खादी की बिक्री सवा लाख करोड़ पर पहुंची

प्रधानमंत्री ने इस महीने की शुरुआत में गांधी जयंती के अवसर पर दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी भंडार में एक ही दिन में डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा की बिक्री का उल्लेख करते हुए कहा, 10 साल पहले देश में जहां खादी उत्पादों की बिक्री बड़ी मुश्किल से 30 हजार करोड़ रुपए से भी कम की थी, आज यह बढ़कर सवा लाख करोड़ रुपए के आसपास पहुंच गई है। उन्होंने देशवासियों से एक बार फिर स्थानीय उत्पादों को अधिक से अधिक खरीदने की अपील की औरआत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने इसे 'वोकल फोर लोकल' अभियान की 'ताकत' बताते हुए देशवासियों से आग्रह किया कि वे जब भी पर्यटन या तीर्थटन पर जाएं, तो वहां के स्थानीय उत्पादों को जरूर खरीदें।

### खरीद में दें स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता

आगामी त्योहारों का उल्लेख करते हुए मोदी ने लोगों से अपनी खरीदारी में स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया और कहा कि दृष्टि केवल छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी से सामान लेने तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा, आज भारत दुनिया में विनिर्माण का बड़ा केंद्र बन रहा है। कई बड़े ब्रांड यहीं पर अपने उत्पाद तैयार कर रहे हैं। अगर हम उन उत्पादों को अपनाते हैं, तो 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा मिलता है और यह भी 'लोकल' के लिए 'वोकल' ही होना होता है। प्रधानमंत्री ने ऐसे उत्पादों को खरीदते समय डिजिटल लेन-देन का सहारा लेने का अनुरोध किया।

### केरल में धमाका...

## दिल्ली में चर्च व अन्य स्थानों की सुरक्षा बढ़ाई



*तिरुवनंतपुरम में एक ट्रेन में जांच करता आरपीएफ का दस्ता।*

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केरल के एक कन्वेंशन सेंटर में रविवार को हुए धमाके के मद्देनजर केरल के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में गिरजाघरों के आसपास और मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि मुख्य बाजारों, गिरजाघरों, मेट्रो स्टेशनों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा की सीमा से सटे इलाकों पर पुलिस दलों को नाकाबंदी करने के लिए सूचित किया गया है। हम भीड़भाड़ वाले बाजारों में पहले से ही बारीकी से नजर रखे हुए हैं।

### कोच्चि धमाके से 'यहोवा के साक्षी' ईसाई समूह हतप्रभ

तिरुवनंतपुरम। केरल के कोच्चि शहर में बम धमाके का शिकार हुआ कलमश्शेरी स्थित ईसाई समूह 'यहोवा के साक्षी' की उत्पत्ति 19वीं सदी के अमेरिका में हुई थी। इतिहासकारों के मुताबिक, 'यहोवा के साक्षी' को इंटरनेशनल बाइबल स्टूडेंट्स एसोसिएशन की शाखा माना जाता है, जिसकी स्थापना 1872 में चार्ल्स टाजे रशेल ने पिट्सबर्ग में की थी। इस समूह के अनुयायी ईसा मसीह को ईश्वर का पुत्र मानते हैं, न कि स्वयं उन्हें ईश्वर। वे ईसा मसीह के शिक्षण और उनके द्वारा स्थापित उदाहरण से सीखते हैं, इसलिए वे स्वयं को ईसाई मानते हैं।

### महाराष्ट्र: डिप्टी सीएम फडणवीस का दावा

## अयोग्य ठहराए गए तो भी शिंदे ही CM

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अयोग्य नहीं ठहराए जाएंगे और अगर ऐसा हुआ भी तो उन्हें विधानपरिषद के सदस्य के तौर पर निर्वाचित किया जाएगा और वह पद पर बने रहेंगे। फडणवीस ने एक मराठी टीवी चैनल से बातचीत में कहा, पहली बात तो यह है कि शिंदे अयोग्य नहीं ठहराए जाएंगे और अगर उन्हें अयोग्य ठहरा भी दिया गया तो हम उन्हें विधानपरिषद के सदस्य के तौर पर निर्वाचित करेंगे और वह मुख्यमंत्री के पद पर बने रहेंगे। अगला चुनाव उन्हीं के नेतृत्व में होगा। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय में सोमवार को शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट और राकांपा के शरद पवार गुट द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई होनी है। इन याचिकाओं में कुछ विधायकों के खिलाफ दाखिल अयोग्यता याचिकाओं पर जल्द निर्णय लेने के लिए नार्वेकर को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।



## क्रिप्टोकरेंसी केस: हिमाचल में 41 स्थानों पर छापे

**शिमला।** करोड़ों रुपए के कथित क्रिप्टोकरेंसी घोटाले की जांच कर रहे विशेष जांच दल ने रविवार को हिमाचल प्रदेश में 41 स्थानों पर छापेमारी की और मुख्य आरोपियों में से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को बताया कि ऊना जिले का निवासी अभिषेक शर्मा 2018 में शुरू हुए उस घोटाले के मुख्य चार आरोपियों में से एक है।

## माकपा नेताओं का धरना

*नई दिल्ली। माकपा के नेताओं ने इजराइल-हमास युद्ध में तत्काल संघर्ष विराम के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में मतदान से भारत के अनुपस्थित रहने के विरोध में एकेजी भवन कार्यालय के बाहर प्रतीकात्मक विरोध-प्रदर्शन किया।*




### मराठा आरक्षण का मुद्दा और गरमाया

# शिवसेना सांसद पाटिल ने स्पीकर को भेजा इस्तीफा

**एजेंसी** | मुंबई

मराठा आरक्षण की मांग कर रहे कार्यकर्ता मनोज जरांगे के 25 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने के बाद आंदोलन तेज हो गया है। आंदोलन के समर्थन में शिवसेना सांसद हेमंत पाटिल ने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने अपना इस्तीफा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेज दिया है। इससे पहले अजित पवार नीत राकांपा गुट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा कि पूर्व में मराठा समुदाय को दिए गए आरक्षण और न्यायपालिका में उसके सामने आई मुश्किल को देखते हुए राज्य सरकार चाहती है कि समुदाय को कोटा इस तरह से दिया जाए जो कानूनी रूप से मजबूत हो। राज्य के कई नेताओं ने माराठा आरक्षण का समर्थन किया है। तटकरे ने दोहराया कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में महाराष्ट्र सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण देने को लेकर प्रतिबद्ध है। मराठा समुदाय द्वारा की जा रही आरक्षण की मांग न्यायोचित है और यह उन्हें मिलना चाहिए। उन्होंने विरोध प्रदर्शन का हवाला देते हुए कहा कि उनकी पार्टी आरक्षण के मुद्दे पर राज्य में सामने आ रही आत्महत्या की घटनाओं से चिंतित है। तटकरे ने बाद में मराठा नेताओं से मुलाकात की और आरक्षण के मुद्दे और सरकार के रुख पर चर्चा की।





### शरद पवार गुट के नेताओं की राज्यपाल से मुलाकात

राकांपा(शरद पवार गुट) के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की और अनुरोध किया कि वह राज्य सरकार को मराठा समुदाय के आरक्षण आंदोलन में हस्तक्षेप करने का निर्देश दें। प्रतिनिधिमंडल में राकांपा की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले, राकांपा के प्रदेश प्रमुख जयंत पाटिल और पार्टी नेता जितेंद्र आव्हाड शामिल थे। जयंत पाटिल ने कहा कि महाविकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के नेता सोमवार को फिर राज्यपाल से मुलाकात करेंगे।

### मराठों व धनगरों को आरक्षण दें: उद्धव

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभों को प्रभावित किए बिना मराठा और धनगर समुदायों को नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण दिया जाना चाहिए। मराठा समुदाय का एक वर्ग आरक्षण उद्देश्यों के लिए ओबीसी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग कर रहा है, जबकि धनगर एसटी का दर्जा चाहते हैं। ठाकरे ने आरोप लगाया, जरांगे की जिंदगी बचाने का उसका (सरकार का) कोई इरादा नहीं है। मराठा समुदाय के युवा आरक्षण की मांग को लेकर आत्महत्या कर रहे हैं।

### नेताओं का प्रवेश वर्जित किया

**अकोला।** अकोला जिले के चरणगांव के निवासियों ने रविवार को कहा कि उन्होंने राज्य में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण घोषित होने तक गांव में नेताओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। ग्रामीणों ने पतूर तालुका में गांव के बाहर एक बोर्ड लगाया है, जिस पर इस बात की घोषणा की गई है।

### विजन दस्तावेज हो रहा है तैयार

## 2047 तक बनेगी तीस लाख करोड़ की इकोनॉमी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बी वी आर सुब्रमण्यम ने रविवार को कहा कि भारत को 2047 तक लगभग 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए 'विजन' (लक्ष्य) दस्तावेज तैयार किया जा रहा है। 'विजन' दस्तावेज देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जरूरी संस्थागत और संरचनात्मक परिवर्तनों/सुधारों की रूपरेखा तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि दस्तावेज का टाइटल 'विजन इंडिया एट 2047' रखा गया है। यह मसौदा दिसंबर 2023 तक तैयार हो जाएगा। इसे अगले तीन महीनों में इसे पेश किया जाएगा। सुब्रमण्यम ने कहा, आयोग मध्यम-आय के जाल को लेकर चिंतित है... भारत को गरीबी और मध्यम-आय का जाल तोड़ना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मई, 2023 में नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक हुई थी। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी मुख्यमंत्रियों से देश को 2047 तक विकसित बनाने का लक्ष्य लेकर चलने को कहा था। विश्व बैंक के अनुसार प्रति व्यक्ति करीब 10 लाख रुपए (12,000 डॉलर) से अधिक की वार्षिक आय वाले देशों को उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था माना जाता है।

### विजन विद विनायक में रू-ब-रू हुए सद्गुरु रितेश्वर जी महाराज

# मैं कौन हूं... यह रोज स्वयं से पूछें

**बेधड़क, जयपुर।** 'हरे कृष्णा-हरे कृष्णा...' जब ये शब्द सद्गुरु के मुख से स्टूडियो में गूंजे तो न्यूज रूम का माहौल भक्तिमय हो उठा। फिर गुरु के साथ जब आध्यात्म और धर्म-कर्म पर चर्चा शुरू हुई तो परत दर परत कई दुविधा दूर होती चली गई। यह अनूठा नजारा था सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के चैनल स्टूडियो का, जहां वृंदावन से सद्गुरु रितेश्वर जी महाराज विजन विद विनायक शो में सच बेधड़क ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा से रूबरू हो रहे थे। इस दौरान उन्होंने साइंस, धर्म, आध्यात्म और राधा-कृष्ण पर बात की।

### धर्म और आध्यात्म में क्या अंतर है?

जब विनायक शर्मा ने सदगुरु से पूछा कि धर्म और आध्यात्म में क्या अंतर है? तो उन्होंने कहा कि धर्म शब्द व्यापक है और हम इंग्लिश पढ़े-लिखे ज्यादा हैं तो रिलीजन और धर्म को एक ही समझते हैं। धर्म शब्द का अर्थ है, कि जो अपने जीवन सत्य न्याय करुणा को धारण कर सके और और स्वयं व लोगों को खुश रख सके। आध्यात्म शब्द से ही सबकुछ क्लियर है। इंद्रिया बाहर देखती है और मन उन चीजों को पसंद करता है। फिर मन बुदि को संदेश भेजता है और ये एक पूरी स्थिति होती है। ऐसे में मन को कुछ भी पसंद आ जाता है। कर्म करने में सभी होशियार हैं और फल मिलता है तो लाचार हो जाते हैं। कर्म के अनुसार फल तो मिलना तय है। कर्म करने के पहले यदि विचार अच्छे हो और आत्मा से प्रेषित हो तो स्थितियां अलग होती हैं। मन का, कानों के सुनने का, आंखों के देखने का कुछ 2 मिनट का सुख ही बाद में तकलीफ देता है। आध्यात्मिक शब्द का अर्थ बॉडी से उपर उठकर रियल रिक्नाइजेशन को जानने की कोशिश करना है। मैं कौन हूं, यहां क्यों आया हूं, क्या कर रहा हूं और क्या करना चाहिए? ये प्रश्न रोजाना स्वयं से पूछने चाहिए। इस पर पूरा भारतीय सनातन सस्कृति निर्धारित है।




### सुख क्रिया साध्य है या कृपा साध्य है?

शर्मा ने पूछा सुख क्रिया साध्य है या कृपा साध्य है? तो सद्गुरु ने कहा, बहुत अच्छा प्रश्न है, क्योंकि एक वर्ग कहता है कृपा सब कुछ होगा और दूसरा कहता है कर्म से होगा। लोग कहते हैं जो लिखा है वही हमारा होगा। यदि ऐसा है तो घर बैठ जाइए। पहले पुरुषार्थ करें और फिर प्रार्थना करें। अर्जुन कर्म कर रहे हैं केवल कृपा से काम नहीं हो रहा है। भगवान ने कहा, कि मैं कृपा कर सकता हूं। मैं आत्मिक ज्ञान दे सकता हूं। सारथी बनकर साथ रहूंगा और मार्गदर्शन करूंगा। कर्म तो तुम्हें करना होगा।



### युवाओं को कैसे विश्वास दिलाए?

सद्गुरु ने कहा, कि भारत साइंस पर जीना चाहता है। लोगों को बता दिया गया है कि चीजें साइंस से हैं व धर्म साइंस से विपरीत है। धर्म या अध्यात्म में जो कहा जा रहा है, उन पर प्रयोग करके परिणाम अच्छे मिलते हैं तो सही है। ऋषियों ने भी साइंस की तरह धर्म को जीवन में अपनाया। जीवन ही लेब है। इसमें गीता में लिखे वह सूत्र बताते हैं कि ऐसा करोगे तो ऐसा होगा। यदि कुछ लिखा है तो दो चार दिन प्रयोग करने में कहां दिक्कत है? कोलगेट का प्रयोग कर लेते हो तो गीता का प्रयोग भी करके देख सकते हो।

### मोह हुए बिना प्रेम नहीं हो सकता

प्रेम क्या है के सवाल पर सद्गुरु ने कहा, लोग हमसे कहते हैं मोह नहीं प्रेम है। लोग विश्वास दिलाते हैं कि हम साधारण नहीं हैं। मैं कहता हूं मोह हुए बिना प्रेम नहीं हो सकता। 70 से 80 साल का जीवन भगवान ने दिया है तो उस जिंदगी को मानवीय मूल्यों के आधार पर प्रेमयुक्त होना चाहिए। साधु भी माया और मोह में रहते हैं। नहीं रहते तो आध्यत्मक की खोज नहीं कर पाते। साधु संत लोगों के मोह में ही ये सब कर रहे हैं। किसी भी कर्म की शुरुआत मोह से होती है। जो हर वक्त बढ़े, वही वही प्रेम है और प्रेम ही इश्वर है।

## छात्रों ने सिखाया-कैसे वेस्ट को बेस्ट में बदला जाता है




**बेधड़क. जयपुर।** वीजीयू में कोड रेड 3.0 ट्रायथलॉन कई नए विचारों और उत्पादों के साथ संपन्न हुआ। एसीआईसी-वीजीयू फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस ट्रायथलॉन में किसानों और अन्य लोगों की समस्याओं को हल करने के उद्देश्य से कई नए विचार सामने आए। वीजीयू के धनंजय रेड्डी और उनकी टीम ने एग्री-टेक थीम के तहत पहला पुरस्कार जीता। इस दौरान छात्रों ने दिखाया कि वेस्ट को बेस्ट में कैसे बदला जा सकता है। स्कूल के बच्चों ने पेट हाउस बनाया ऐसे लोगों के लिए जो अपनी अनुपस्थिति के दौरान अपने पालतू जानवरों की देखभाल के बारे में चिंतित रहते हैं। वर्चुअल उत्पाद श्रेणी के तहत एक एप लेकर आए जो लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए परिवहन कहां से प्राप्त करें, इसके बारे में सभी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। ट्रायथलॉन में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के 2600 से अधिक छात्रों ने मजबूत भागीदारी दिखाई। इस आयोजन को सिडबी, एडानियोन, माइक्रोसॉफ्ट, एपेक्स हॉस्पिटल, माई एफएम और अन्य प्रमुख ब्रांडों सहित 25 से अधिक प्रतिष्ठित भागीदारों से समर्थन प्राप्त हुआ। विभिन्न क्षेत्रों से 100 वक्ताओं की उपस्थिति रही। नेपाल के एक डिजिटल प्लेटफॉर्म इवेंसमो ने इस गतिशील कार्यक्रम को अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम में 658 टीमों ने भाग लिया। देश भर के विभिन्न क्षेत्रों और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों से 2600 से अधिक उत्साही प्रतिभागी एक साथ आए। एसीआईसी-वीजीयू के सीईओ गौरव शर्मा ने बताया कि जीतने वाली टीमों को एसीआईसी-वीजीयू फाउंडेशन से इनक्यूबेशन समर्थन प्राप्त होगा। छात्रों को एसीआईसी–वीजीयू फाउंडेशन में टूल और पार्टनरशिप के लिए छह महीने का एक्सपोजर दिया जाएगा।

## लोकरंग में साकार हुई राज्यों की संस्कृति

बेधड़क, जयपुर। जवाहर कला केन्द्र की ओर से 26वें लोकरंग महोत्सव का रविवार को आगाज हुआ। शिल्पग्राम में राम प्रसाद ने कच्छी घोड़ी, भूंगर खान मांगणियार व ग्रुप ने मांगणियार गायन, मीरा सपेरा ने कलबेलिया नृत्य, राम जोशी ने बम रसिया व लतीफ खान मांगणियार ने गायन प्रस्तुति दी। नट, कठपुतली, बहुरूपियों को देखकर लोग रोमांचित हो उठे। मंच पर 8 राज्यों की 9 लोक विधाओं की प्रस्तुति हुई। पश्चिमी राजस्थान में प्रचलित मशक वादन की प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जम्मू-कश्मीर में विवाह के अवसर पर किए जाने वाले जागरणा नृत्य के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा। गुजरात के मिश्र रास ने माहौल को कृष्णमय कर दिया। हरियाणा के घूमर व पंजाब के लुड्डी नृत्य की जोशीली प्रस्तुति हुई।

# City इवेंट्स

## गुलाबी शाम में मॉडल्स ने रैंप पर बिखेरे फैशन और जूलरी के रंग




**बेधड़क, जयपुर।** मॉडल्स ने जयपुर की गुलाबी शाम में फैशन और जूलरी के रंग बिखेरे तो आर्ट लवर्स ने अपने मोबाइल के कैमरों में रैंप वॉक को कैद किया। कई शहरों में ऐसे ही नजारे दिखाने के बाद जब लाइम लाइट लैबग्रोन डायमंड्स जूलरी फैशन शो जयपुर में टॉप मॉडल्स की वॉक के साथ हुआ तो हर कोई रोमांचित दिखाई दिया। मालवीय नगर स्थित ज्वैल्स ऑफ इंडिया में वॉक करते हुए 11 मॉडल्स ने जूलरी की आभा बिखेरी। लाइम लाइट लेबरॉन डायमंड के डायरेक्टर नीरव भट्ट ने बताया कि पूरे देश में जूलरी की आभा बिखेर रहे हैं। इसी कड़ी में जयपुर को भी चुना गया और एलीट मिस राजस्थान की मॉडल्स ने लेबग्रोन डायमंड के लिए रैंप वॉक करते हुए न्यू कलेक्शन शोकेस किया। लाइम लाइट 25 सिटी में जाकर गुलाबी नगरी तक पहुंचा है। लेबग्रोन डायमंड को पहनकर मॉडल्स ने बॉलीवुड हिट्स के बीच चमचमाती लाइट्स के बीच वॉक की। फैशन शो में 3 राउंड का आयोजन किया गया, जिसमें जूलरी कलेक्शन शोकेस किया गया। मॉडल्स ने अलग-अलग डायमंड जूलरी पहनकर वॉक की। जयपुर व राजस्थान की शान पोलकी जूलरी भी इसका हिस्सा रही और पोलकी को लेबग्रोन में मॉडल्स ने दर्शाया।

## अपने पासवर्ड को हमेशा धर्म और लक्ष्मी की तरह पवित्र समझें




**बेधड़क, जयपुर।** पासवर्ड को हमेशा अपना धर्म समझो और लक्ष्मी की तरह पवित्र जानो। वरना आप किसी बड़ी मुसीबत में फंस सकते हैं। चाहे आपका उच्च अधिकारी ही क्यों ना हो पासवर्ड किसी को नहीं बताना चाहिए। यह कहना था दी बैंक ऑफ बड़ौदा कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय उप-महासचिव करमेश शुक्ला का। वे महावीर पब्लिक स्कूल में आयोजित बैंक ऑफ बड़ौदा कर्मचारी संघ की प्रदेश इकाई की स्थापना के 2 दिवसीय गोल्डन जुबली समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर दी बैंक ऑफ बड़ौदा कर्मचारी संघ के ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी मिलिंद नाडकर्णी, डिप्टी जनरल सेक्रेटरी करमेश शुक्ला, महासचिव मदन पटेल और यूनियन महासचिव विनिल सक्सेना मंच पर थे। अंत में कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के चुनाव कराए गए। संघ महासचिव विनिल सक्सेना ने यूनियन की नई रूपरेखा सामने रखी। मंच पर बैंक कर्मियों को आमंत्रित कर उनसे सुझाव मांगे गए। मिलिंद नाडकर्णी ने आश्वासन दिया, कि बैंक कर्मियों की सभी सुविधाओं का यूनियन ख्याल रखेगी। प्रोग्राम में बैंक ऑफ बड़ौदा के संस्थापक जनरल सेक्रेटरी ए. पी. जैन और कोविड काल में दिवंगत हुए सभी बैंक कर्मियों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

### जयपुर डेंटल शो व अंतरराष्ट्रीय वर्कशॉप का वीडियो जारी

## डेंटल एसोसिएशन के पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारियों का किया सम्मान




**बेधड़क | जयपुर**

इण्डियन डेंटल एसोसिएशन राजस्थान की एक दिवसीय कार्यशाला में एसोसिएशन के पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारियों का का सम्मान किया गया। इस अवसर पर दिसम्बर में होने वाले जयपुर डेंटल शो व अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का वीडियो जारी किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में आईडीए राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन ने कार्यशाला के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कार्यशाला के स्पीकर डॉ. एच एल गुप्ता, डॉ. धवल गोयल व डॉ. गौरव पाल सिंह का स्वागत किया। आईडीए राजस्थान के सचिव डॉ. जेएस वालिया ने बताया कि आईडीए के पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारियों को राजकीय दंत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. एम के शर्मा ,डॉ. ए के टंडन ,डॉ. प्रदीप जैन ,डॉ. नागेश बिंजू व डॉ. ऋषि लवानिया को सम्मानित किया गया। आईडीए राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि इस अवसर पर जोधपुर के डॉ. एसआर चौधरी, डॉ. सचिन लोढ़ा, नागौर के डॉ. हापुराम चौधरी, अलवर के डॉ. कार्तिकेय जोशी, जयपुर के डॉ. पीके अग्रवाल, डॉ. निशांत गुप्ता, डॉ. नीतेश त्यागी, डॉ. अभिलाषा गुप्ता, डॉ. नीलम माहेश्वरी ,डॉ. टीनू मलिक, डॉ. राजेश सोलंकी, डॉ. अनीता, आईडीए जयपुर ग्रेटर के डॉ. सुनील राघव, डॉ. अंकुर कनोडिया, डॉ. प्रशांत भारद्वाज, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. पूजा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सारिका ने किया।

### 300 लेडीज ने एक साथ सेलिब्रेट किया करवा चौथ

## म्यूजिकल सेलिब्रेशन में थकान भूल स्वयं के लिए जी जिंदगी



**बेधड़क | जयपुर**

लेडीज ने म्यूजिकल करवा चौथ को सेलिब्रेट किया। साथ ही कई गेम्स खेले और चांद की पूजा करते हुए सुहाग की लंबी उम्र की दुआ मांगी। इस मौके पर एक साथ 300 महिलाओं ने करवा चौथ मनाया। मौका था आमेर रोड स्थित होटल जयपुर हेरिटेज में करवा चौथ पार्टी-2023 का, जिसमें ग्रुप सेलिब्रेशन रखा गया। नीतूस मेकओवर की ओर से हुई पार्टी के बारे में ओनर नीतू कपूर ने बताया कि करवा चौथ तो सभी मनाते हैं, लेकिन हमने जयपुराइट्स के लिए स्पेशल इंतजाम किए। लेडीज को इनवाइट किया गया और उनको कई एक्टिविटीज में शामिल कराकर विभिन्न टाइटल्स दिए गए।

दिवाली के कामों की थकान को मिटाने और कुछ समय खुदके लिए जीने के मोटिव के साथ हुए इस अनूठे सेलिब्रेशन में कई गेम्स खिलाए गए और ग्रुप डांस, ग्रुप पूजा व आरती के साथ लेडीज ने बारी-बारी स्वयं की जर्नी शेयर की। अनुभव बांटते हुए सभी ने बॉडिंग और दोस्ती बढ़ाई। इवेंट को मनीष कपूर मैनेज किया। इससे पहले कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन आचार्य हिमानी शास्त्री, रेखा सोनी, पूजा गुप्ता और नीतू कपूर ने किया था।

साथ ही मॉडल शालिनी पारीक, पूनम गढ़वाली, कविता मलिक और भावना सैनी ने भी प्रोग्राम में महिलाओं को मोटिवेट किया। लेडीजों ने अपने पूरे जोश के साथ और तरह-तरह की सेल्फियों का आनंद लिया। मनीष कपूर ने इवेंट को मैनेज किया।

### रोशनी-2023 जयपुराइट्स ने कहा-'स्वस्थ भारत-अखण्ड भारत'

# हेल्दी लाइफ अपनाने, जंक फूड छोड़ने का संकल्प

**बेधड़क | जयपुर**

'स्वस्थ भारत-अखण्ड भारत' के जयघोष के साथ जैसे ही रोशनी-2023 सीजन-5 की शुरुआत की गई, हर कोई हेल्थ के प्रति जागरुक होता नजर आया। सभी ने हेल्दी लाइफ स्टाइल अपनाने और जंक फूड छोड़ने का संकल्प लिया। मौका था महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में हेल्थ कार्यक्रम रोशनी-2023 का, जिसके लिए 15000 से ज्यादा पोस्टर्स का विमोचन किय गया था। ढंड डायबिटीज एसोसिएशन जयपुर द्वारा संचालित रोशनी कार्यक्रम के



डायरेक्टर डॉ. सुनील ढंड ने उन्हें डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और अन्य बीमारियों के लक्षण, उपाए बताए। प्रोग्राम में डॉ. सुनील ढंड लिखित पुस्तक 'चीनी एक अहसास' का विमोचन आचार्य बाल मुकुन्दाचार्य, आचार्य अवधेशाचार्य, आचार्य अनुपम जौली, सुरेश अग्रवाल अध्यक्ष फोर्टी, पवन गोयल, गिरधारी खण्डेलवाल, पार्षद पवन शर्मा ने किया। अध्यक्षता जगदीश चंद्रा ने की। मंच संचालन एंकर वर्तिका जैन और अपलव सक्सेना ने किया।

### स्कूलों में दिन की शुरुआत योगा से हो

डॉ. सुनील ढंड ने बताया कि आज हर स्टूडेंट्स और अन्य युवाओं के पास मोबाइल है और वे उसमें खाने-पीने की चीजें देखता है। ऐसे में उसका मन उनको मंगाने का करता है और आधी रात को भी ऑन लाइन सबकुछ मिल जाता है। ऐसे में स्थिति और खराब हो रही है, क्योंकि देर रात का खाया जंक फूड बहुत नुकसान करता है, इसलिए फूड कंट्रोलिंग के साथ स्कूलों में दिन की शुरुआत योगा से होनी चाहिए।

### ये रहे मौजूद

डॉ. सुनील ढंड के साथ आचार्य अनुपम जोली, अदाकारा वर्तिका जैन, मदन मोहन पालीवाल, संजीव वर्मा, चंद्र प्रकाश पारीक, समरिधि शर्मा, सांवर मल जांगिड़, निशा पारीक, योगी मनीष विजयवर्गीय, आदि उपस्थित रहे।

### हेल्थ के प्रति किया अवेयर

रोशनी में इस बार संत-महात्मा और योग गुरु भी जुड़े। उन्होंने अपने-अपने तरीके से लोगों को हेल्थ के प्रति अवेयर किया। दूसरी ओर कार्यक्रम में कुछ खास है म्यूजिकल स्वास्थ्य परिचर्चा, प्रकृति संस्कृती स्वास्थ्य और संस्कार पर डॉ. सुनील ढंड, योगाचार्य महेंद्र सिंह और लाईफ कोच मधुलिका शर्मा की परिचर्चा हुई। साथ ही बांसुरी वादक पलक जैन, ट्रम्पेट पर राहुल शाह, अपर्णा बाजपेई, सारे गामा पा से आसम अली, इण्डिया गोट टेलेंट शो के फाइनलिस्ट क्रेजी हूपर ने सर्जिकल स्ट्राइक पर परफॉर्म किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, सोमवार, 30 अक्टूबर, 2023





परमात्मा की दी गई हर उस खूबसूरत चीज का शुक्रिया करें, जो हर सुबह हमें नई ऊर्जा और नया विश्वास देती है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### इजराइल के हमास पर हमले लगातार जारी

# गाजा के सबसे बड़े अस्पताल के पास बमबारी



**एजेंसी** | दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)

इजराइल के युद्धक विमानों ने रविवार तड़के गाजा के सबसे बड़े अस्पताल के पास हमले किए। इस अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज उपचाराधीन हैं और हजारों लोगों ने शरण ली हुई है। स्थानीय निवासियों ने यह जानकारी दी। इजराइल ने बिना अधिक साक्ष्य साझा किए दावा किया कि हमास के उग्रवादी अस्पताल का अड्डे के तौर पर इस्तेमाल कर रहे थे। बाफिन द्वीप रविवार तड़के काफी हद तक संचार माध्यमों की बहाली की गई है। गाजा के निवासियों ने कहा कि इजराइली हवाई हमलों के कारण शिफा अस्पताल की ओर जाने वाले अधिकतर रास्ते क्षतिग्रस्त हो गए। गाजा शहर के एक अन्य निवासी अब्दुल्ला सईद ने कहा कि पिछले दो दिनों में इजराइली बमबारी युद्ध शुरू होने के बाद से 'सबसे हिंसक और तीव्र' थी। इधर, फिलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने कहा है कि हजारों लोग भोजन और जरूरत का अन्य सामान लेने के लिए गाजा सहायता गोदामों पर टूट पड़े। यह चिंताजनक है।



### नेतन्याहू भी आतंकवादी: तुर्की

इजराइल और हमास की लड़ाई में तुर्की अब खुले तौर पर इजराइल के खिलाफ खड़ा हो गया है। शुक्रवार को एक बड़ी रैली आयोजित करके तुर्की इजराइल को अपना स्पष्ट संदेश दे चुका है। राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इजराइल को "युद्ध अपराधी" कहा। एर्दोगन ने कहा कि अगर हमास आतंकवादी संगठन है तो बेंजामिन नेतन्याहू भी आतंकवादी हैं। उन्होंने इजराइल को दो टूक शब्दों में कहा कि हम भी तैयारी कर रहे हैं।

### हमास हमले की नहीं दी गई थी चेतावनी

इजराइली पीएम नेतन्याहू और वहां की खुफिया एजेंसी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। नेतन्याहू ने रविवार को अपने खुफिया प्रमुखों की पोल खोलते हुए कहा है कि उन्होंने उन्हें कभी चेतावनी नहीं दी कि हमास 7 अक्टूबर को व्यापक पैमाने पर हमले की योजना बना रहा है और युद्ध मंत्रिमंडल के भीतर राजनीतिक उथल-पुथल और दरार पैदा कर रहा है। नेतन्याहू ने पहले यह पोस्ट सोशल मीडिया साइट एक्स पर की, लेकिन बाद में इसे डिलीट कर दिया।

### कनाडा वालों पर अब भी नरम नहीं भारत

# वीजा के लिए अभी इंतजार

**एजेंसी** | ओटावा

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड को लेकर कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार और भारत के बीच रिश्ते अभी भी नरम नहीं हुए हैं। 21 सितंबर को भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सेवा निलंबित कर दी थी। हालांकि बीते गुरुवार को सेवाएं बहाल भी कर दी गईं, लेकिन कनाडाई सरकार ने अपने लोगों को मामले में अपडेट किया है कि भारत की यात्रा के लिए नौ श्रेणियों में वीजा जारी करना अभी भी निलंबित है। अभी सिर्फ चार श्रेणियों के वीजा की सेवा शुरू हो गई। जबकि, ई-वीजा और ट्रांजिट वीजा सहित अन्य अभी भी जारी नहीं किए जा रहे हैं। अन्य श्रेणियां जो अभी भी निलंबित हैं, वे हैं पर्वतारोहण, मिशनरी और पत्रकार वीजा। कनाडाई सरकार ने शनिवार को अपने अपडेट में कहा, "हमने इस पेज पर जानकारी भारतीय अधिकारियों से प्राप्त की है। हालांकि, यह किसी भी समय बदल सकता है।



### 165 देशों के लिए वीजा

भारत सरकार की ओर से ई-वीजा 165 देशों के लिए उपलब्ध है, कनाडा इस सूची में नहीं है। साल 2020 में कोविड-19 महामारी शुरू होने पर ये सेवाएं निलंबित होने के बाद पिछले साल दिसंबर में कनाडाई लोगों के लिए भारत ने ई-वीजा जारी करना फिर से शुरू किया था। गौरतलब है कि 18 सितंबर को हाउस ऑफ कॉमन्स में कनाडाई पीएम ट्रूडो के बयान के बाद दोनों के बीच के संबंधों में गिरावट आई थी। इसके बाद 21 सितंबर को भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा जारी करना अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया था। ट्रूडो ने 18 जून को सरे, ब्रिटिश कोलंबिया में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारतीय एजेंटों को जिम्मेदार ठहराया था।

### उच्चायुक्त ने की इसकी पुष्टि

इसकी पुष्टि ओटावा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने की, उन्होंने कहा, "केवल चार श्रेणियों को फिर से शुरू किया गया है। वे श्रेणियां प्रवेश, व्यवसाय, चिकित्सा और सम्मेलन वीजा के लिए थीं। अन्य जो निलंबित हैं वे पर्यटन, रोजगार, छात्र और फिल्म वीजा के लिए हैं। बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा गया था कि "चार श्रेणियों में वीजा सेवाओं को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया गया था। आगे के निर्णय, जैसा उचित होगा, स्थिति का मूल्यांकन जारी रखने के आधार पर सूचित किया जाएगा।"

### ट्रंप ने मुस्लिमों पर यात्रा प्रतिबंध का किया वादा

# जो बाइडेन ने बताया था 'इस्लामोफोबिया'

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार वाइट हाउस के लिए निर्वाचित होने पर कुछ मुस्लिम बहुल देशों के लोगों पर अतीत में लगाया गया विवादित यात्रा प्रतिबंध बहाल करने का वादा किया। शनिवार को 'रिपब्लिकन जूइश कोलिशन' के वार्षिक शिखर सम्मेलन में ट्रंप ने कहा, 'आपको यात्रा प्रतिबंध याद हैं? एक दिन मैं यात्रा प्रतिबंध बहाल करूंगा।

हमने यात्रा प्रतिबंध लगाया था, क्योंकि हम नहीं चाहते थे कि हमारे देश में ऐसे लोग आएं, जो उसे नुकसान पहुंचाने के विचार को पसंद करते हों।' ट्रंप ने दावा किया कि उनके प्रशासन के दौरान लगाया गया यात्रा प्रतिबंध काफी सफल रहा।

ट्रंप ने कहा, 'हमारे देश में चार साल में एक भी घटना नहीं हुई, क्योंकि हमने बुरे लोगों को अपने देश से बाहर रखा।' व्हाइट हाउस ने इस बयान को लेकर पूर्व राष्ट्रपति की आलोचना की है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता एंड्रयू बेट्स ने कहा, '2020 में राष्ट्रपति बाइडेन ने इस्लामोफोबिया में 'अत्यंत' वृद्धि की निंदा की थी, जिसे उन्होंने एक 'हानिकारक बीमारी' बताया था और उनके पूर्ववर्ती द्वारा गैर-अमेरिकी मुस्लिमों पर लगाए गए प्रतिबंध को पलट दिया था।'

## यूक्रेन के 36 ड्रोन मार गिराए: रूस

**कीव।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने शनिवार रात 30 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, "मौजूद वायु रक्षा प्रणालियों ने काला सागर और क्रीमिया प्रायद्वीप के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में 36 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया।" काला सागर की सीमा के पास स्थानीय अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि की है।

## जिनपिंग-बाइडेन मुलाकात की राह आसान नहीं: चीनी विदेश मंत्री

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन के विदेश मंत्री का मानना है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्र जो बाइडेन की संभावित बैठक की "राह आसान नहीं" होगी और नतीजों तक पहुंचने के लिए दोनों पक्षों को मिलकर काम करना होगा। चीन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने अपनी तीन दिवसीय वाशिंगटन यात्रा के दौरान बाइडेन के साथ-साथ अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन से भी मुलाकात की थी। दोनों पक्ष ने इस दौरान सैन फ्रांसिस्को में नवंबर में आयोजित हो रहे एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग मंच (एपीईसीएफ) के शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक को लेकर काम करने पर सहमति जताई। चीन के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में 'अमेरिकी रणनीतिक समुदाय' के सदस्यों से हुई चर्चा का सारांश दिया गया।

### पृथ्वी का कोर हो रहा लीक

# विस्फोटक खुलासे से मचा हड़कंप

### ज्वालामुखीय चट्टानों में मिला हीलियम का दुर्लभ वेरिएंट 'हीलियम-3'

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

वैज्ञानिकों ने हीलियम के एक दुर्लभ वेरिएंट 'हीलियम-3' की आश्चर्यजनक मात्रा का पता लगाया है। कनाडा के बाफिन द्वीप पर ज्वालामुखीय चट्टानों में यह वेरिएंट मिला है। इस वेरिएंट से उस सिद्धांत को समर्थन मिला है कि नोबेल गैस (अक्रिय गैस) पृथ्वी की कोर से लीक हो रही है। ऐसा सहस्राब्दियों से हो रहा है। अनुसंधान दल ने चट्टानों के भीतर हीलियम-4 का भी पता लगाया है। हीलियम-4 पृथ्वी पर आम है, हीलियम-3 ब्रह्मांड में कहीं और अधिक आसानी से पाया जाता है, इससे वैज्ञानिक आश्चर्यचकित थे। यह एक अध्ययन हाल ही में नेचर जर्नल में प्रकाशित हुआ।



### नुनावुत क्षेत्र में है बाफिन द्वीप

नुनावुत क्षेत्र में स्थित बाफिन द्वीप, कनाडा का सबसे बड़ा द्वीप है। यह दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा द्वीप भी है। एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक फिनले स्टुअर्ट की देखरेख में अपने डॉक्टरेट अध्ययन के हिस्से के रूप में सोलवे लास-इवांस द्वारा बाफिन द्वीप ज्वालामुखीय चट्टानों में पहली बार हीलियम -3 से हीलियम -4 का उच्च अनुपात पाया गया था।

### ब्रह्मांड में हीलियम 3 बहुत कम

इस अध्ययन के प्रमुख लेखक फॉरेस्ट हॉर्टन ने कहा कि "सबसे बुनियादी स्तर पर, ब्रह्मांड में 4He (हीलियम-4) की तुलना में बहुत कम 3He (हीलियम-3) है।" हॉर्टन ने कहा, "हीलियम 3 पृथ्वी पर दुर्लभ है क्योंकि इसका उत्पादन नहीं किया गया है। पृथ्वी के कोर से लीक होने वाले तत्वों का पता लगाने से वैज्ञानिकों को यह जानने में मदद मिल सकती है कि हमारा ग्रह समय के साथ कैसे बना और विकसित हुआ। नए निष्कर्ष इस बारे में मौजूदा परिकल्पना को मजबूत करने के लिए सबूत प्रदान करते हैं कि हमारा ग्रह कैसे बना।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl